वर्ष-10, अंक-12 पृष्ठ- 8, मूल्य : 02 रुपये

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज मंगलवार 12 मार्च, 2024

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

Adhunik Samachar

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज एएम खानविलकर को लोकपाल अध्यक्ष पद की दिलाई शपथ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रविवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश अजय माणिकराव खानविलकर को लोकपाल अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी मौजूद रहे। जास्टिस (सेवानिवृत्त) खानविलकर (66) ने 13 मई 2016 से 29 जुलाई 2022 तक शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में काम किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रविवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश अजय माणिकराव खानविलकर को लोकपाल अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी मौजूद रहे। जास्टिस (सेवानिवृत्त) खानविलकर (66) ने 13 मई 2016 से 29 जुलाई 2022 तक शीर्ष अदालत के न्यायाधीश के रूप में काम किया। सेवानिवृत्त न्यायाधीश को गत माह ही लोकपाल के अध्यक्ष रूप में नियुक्त किया गया। यह पद 27 मई 2022 को पिनाकी चंद्र घोष की सेवानिवृत्ति के बाद से तकरीबन दो साल से रिक्त था। यह शीर्ष अदालत की न्यायमूर्ति खानविलकर की अगुवाई वाली पीठ थी, जिसने अपराध की आय, गिरफ्तारी की शक्ति, खोज और जब्ती, संपत्तियों की कुर्की की परिभाषा के संबंध में पीएमएलए (धन शोधन अधिनियम के प्रावधान) के कड़े प्रावधानों और दोहरी जमानत की शर्तों की पुष्टि भी की थी।

### जंगल की आग बुझाने के लिए एनडीआरएफ की पहली टुकड़ी तैनात

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** जंगल की आग बुझाने के लिए एनडीआरएफ की 150 कर्मियों की पहली टुकड़ी तैनाती की गई है। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) महानिदेशक अतुल करवाल ने गृह मंत्रालय से शामिल कर्मियों को और अधिक कुशल बनाने के लिए विदेशों में प्रशिक्षण की अनुमति मांगी है 50-50 लोगों की टीमों को गुवाहाटी स्थित पहली बटालियन, विजयवाड़ा स्थित 10वीं बटालियन और उत्तराखंड में बटालियन संख्या 15 के साथ तैनात किया गया है। चौथी टीम प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। यह आरक्षित इकाई होगी।एक संसदीय पैनल ने 2022 में इस बात पर चिंता व्यक्त की थी कि जंगल की आग आधिकारिक तौर पर विशेष राष्ट्रीय बल द्वारा निपटने वाली आपदाओं का हिस्सा नहीं है।

## कोरोना के बाद अब मलेरिया की वैक्सीन बनाने पर दिया जाएगा जोर, अदार पूनावाला बोले चार महीने में पूरे देश का हो जाएगा टीकाकरण

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**पुणे।** दुनिया की सबसे बड़ी वैक्सीन निर्माता कंपनी सीरम इंस्टीट्यूट आफ इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अदार पूनावाला को बढ़ाया है। सीरम इंस्टीट्यूट कोरोना की कोविशील्ड वैक्सीन बनाती है। मांग में कमी के कारण कोरोनारोधी वैक्सीन कम बनाई जा रही है। कंपनी अब कोरोनारोधी का टीकाकरण केवल तीन से चार महीने में किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि सीरम के पास मलेरिया वैक्सीन की 10 करोड़ खुराक तैयार करने की क्षमता है। मांग बढ़ने पर इसे और बढ़ाया जा सकेगा। हर साल लाखों लोग डेंगू-मलेरिया की चपेट में आते हैं। पूनावाला ने कहा कि मलेरिया वैक्सीन को लेकर प्रौद्योगिकी हस्तांतरण सौदे के बजाय टीकों के निर्यात पर जोर दिया जाएगा। डेंगू की वैक्सीन का भी परीक्षण किया जा रहा है। अदार पूनावाला ने कहा कि अगर भविष्य में कभी महामारी आती है तो पूरे भारत का टीकाकरण केवल तीन से चार महीने में किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि सीरम के पास मलेरिया वैक्सीन की 10 करोड़ खुराक तैयार करने की क्षमता है। कोविशील्ड वैक्सीन की मांग में कमी के कारण अब कोरोनारोधी वैक्सीन बनाने की क्षमता का उपयोग मलेरिया की वैक्सीन बनाने में करेगी।

ने कहा कि कारोना की वैक्सीन के बाद अब कंपनी मलेरिया की वैक्सीन बनाने पर जोर देगी। इसके लिए कंपनी ने अपनी विनिर्माण क्षमता वैक्सीन बनाने की क्षमता का उपयोग मलेरिया की वैक्सीन बनाने में करेगी। पूनावाला ने कहा, अगर भविष्य में कभी महामारी आती है तो पूरे भारत

## एक लाख करोड़ की राजमार्ग परियोजनाएं देश को करेंगे समर्पित, दिल्ली और गुरुग्राम के बीच यातायात में होगा सुधार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुरुग्राम से एक लाख करोड़ रुपये की लागत वाली और देश भर में फैली लगभग 112 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर द्वारका एक्सप्रेसवे के हरियाणा खंड का उद्घाटन भी करेंगे। इससे राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर दिल्ली और गुरुग्राम के बीच यातायात में सुधार होगा और भीड़भाड़ को कम करने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री कार्यालय ने रविवार को बताया कि आठ लेन वाले द्वारका एक्सप्रेसवे के 19 किलोमीटर लंबे हरियाणा खंड को लगभग 4,100 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। इसमें दिल्ली-हरियाणा सीमा से बसई रेल-ओवर-ब्रिज (आरओबी) तक 10.2 किलोमीटर लंबे और बसई आरओबी से खेड़की दौला तक 8.7 किलोमीटर लंबे दो मार्ग शामिल हैं। यह दिल्ली में इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और गुरुग्राम बाईपास के लिए सीधी कनेक्टिविटी भी प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री जिन अन्य प्रमुख परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, उनमें दिल्ली में नांगलोई-नजफगढ़ रोड से सेक्टर 24 द्वारका खंड तक 9.6 किलोमीटर लंबी छह लेन का विस्तार, उत्तर प्रदेश में लगभग 4,600 करोड़ रुपये की लागत से लखनऊ रिंग रोड के तीन पैकेज, हिमाचल प्रदेश में एनएच-21 के कीरतपुर से नेरचौक खंड सहित विभिन्न राज्यों में 20,500 करोड़ रुपये की 42 अन्य परियोजनाएं शामिल हैं। प्रधानमंत्री देशभर में विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला भी रखेंगे। जिन प्रमुख परियोजनाओं की आधारशिला रखी जाएगी, उनमें हरियाणा में शामली-अंबाला हाईवे के 4,900 करोड़ रुपये के तीन पैकेज, पंजाब में 3,800 करोड़ रुपये के अमृतसर-बठिंडा कारिडोर के दो पैकेज सहित विभिन्न राज्यों की 39 अन्य परियोजनाएं शामिल हैं।देश के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को अपनी अहमदाबाद यात्रा के दौरान 85 हजार करोड़ रुपये से अधिक की रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी पटना-लखनऊ, न्यू जलपाईगुड़ी-पटना, लखनऊ-देहरादून, रांची-वाराणसी और खजुराहो-दिल्ली समेत 10 रूटों पर वंदे भारत ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को अहमदाबाद में ''आश्रम भूमि वंदना'' करेंगे और साबरमती आश्रम स्मारक परियोजना के मास्टरप्लान की शुरुआत करेंगे। इस परियोजना पर 1,200 करोड़ रुपये खर्च आने का अनुमान है। इस परियोजना का लक्ष्य वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के लिए महात्मा गांधी की शिक्षाओं और दर्शन को पुनर्जीवित करना है।प्रधानमंत्री मोदी 12 मार्च को पोखरण में सेना के तीनों अंगों की भागीदारी वाले सैन्य अभ्यास 'भारत शक्ति' का अवलोकन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि 'भारत शक्ति' के दौरान स्वदेश विकसित हथियार प्रणालियों की श्रृंखला प्रदर्शित की जाएगी। इस अभ्यास में भूमि, वायु, समुद्र, साइबर और अंतरिक्ष क्षेत्र में खतरों का मुकाबला करने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की एकीकृत परिचालन क्षमताओं का प्रदर्शन किया जाएगा।

## चुनाव आयुक्त के इस्तीफे पर सवालों के तीर दाग विपक्ष ने गरम की सियासत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों ने लोकसभा चुनाव की तारीखों के एलान से ठीक पहले चुनाव आयुक्त अरुण गोयल के इस्तीफे को लेकर तरह-तरह के सवाल दागते हुए इस पर सियासी गर्मी बढ़ा दी है। चुनाव आयुक्त के इस्तीफे के पीछे सरकार के दबाव से लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार से उनके मतभेद की खबरों से जुड़े प्रश्नों के साथ विपक्षी दलों ने चुनाव आयोग की निष्पक्ष भूमिका को लेकर भी संशय के सवाल खड़े किए हैं।

चुनाव आयुक्त अरुण गोयल के इस्तीफे को लेकर तरह-तरह के सवाल दागते हुए इस पर सियासी गर्मी बढ़ा दी है। कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों ने सरकार से इस बात का जवाब मांगा है कि अरुण गोयल ने मोदी सरकार या मुख्य चुनाव आयुक्त किससे मतभेद होने के कारण इस्तीफा देने का बड़ा कदम उठाया है जबकि उनका कार्यकाल अभी चार साल बाकी था। कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों ने सरकार से इस बात का जवाब मांगा है ।

## आंध्र प्रदेश में रेल हादसा, शाखापत्तनम-भवानीपटना पैसेंजर ट्रेन का इंजन हुआ बेपटरी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**विजयनगरम।** विशाखापत्तनम-भवानीपटना पैसेंजर ट्रेन का इंजन रविवार को पटरी से उतर गया। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अधिकारी ने बताया कि यह घटना उस वक्त हुई जब ट्रेन स्टेशन पर रूट नंबर 2 पर प्रवेश कर रही थी। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में सिर्फ इंजन पटरी से उतरा, अन्य सेवाएं सामान्य हैं। विशाखापत्तनम-भवानीपटना पैसेंजर ट्रेन का इंजन रविवार को पटरी से उतर गया। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अधिकारी ने बताया कि यह घटना उस वक्त हुई जब ट्रेन स्टेशन पर रूट नंबर 2 पर प्रवेश कर रही थी। उन्होंने कहा कि सिर्फ इंजन पटरी से उतरा है अन्य सेवाएं सामान्य हैं और कोई घायल नहीं हुआ है।विशाखापत्तनम-भवानीपटना पैसेंजर ट्रेन का लोको कोटावलासा स्टेशन से रूट नंबर 2 में प्रवेश करते समय पटरी से उतर गया, जहां यह रुकी थी। अधिकारी ने बताया कि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि स्टेशन पर उपलब्ध पिछले हिस्से से डीजल इंजन उपलब्ध कराए गए हैं और ट्रेन के पिछले हिस्से को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए मंजूरी दी जा रही है। केवल इंजन पटरी से उतर गया, अन्य सेवाएं सामान्य हैं।

### तिरुवनंतपुरम के फ्लोटिंग ब्रिज हादसे में एक्शन मोड में पुलिस

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**तिरुवनंतपुरम।** केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में वर्कला समुद्र तट पर हुए हादसे में अब पुलिस एक्टिव मोड में आ गई है। रविवार को वर्कला समुद्र तट पर तैरते पुल के निजी संचालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है, जो एक विशाल लहर के बाद गिर गया था। इस हादसे में दो बच्चों सहित तेरह लोग घायल हो गए थे। तिरुवनंतपुरम में वर्कला समुद्र तट पर हुए हादसे में अब पुलिस एक्टिव मोड में आ गई है। रविवार को वर्कला समुद्र तट पर तैरते पुल के निजी संचालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है जो एक विशाल लहर के बाद गिर गया था। इस हादसे में दो बच्चों सहित तेरह लोग घायल हो गए थे।पुलिस ने सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किए बिना कथित तौर पर संचालन करने के लिए त्रिची स्थित जॉय वॉटर स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाले फ्लोटिंग ब्रिज के संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। लोगों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने के लिए संचालकों पर एफआईआर दर्ज की गई है। पर्यटन मंत्री पी ए मोहम्मद रियास ने कहा कि पर्यटन निदेशक द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट पर विचार करने के बाद जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू की जाएगी।

## पायलटों की सिक लीव के कारण विस्तारा का परिचालन प्रभावित, एक दर्जन से ज्यादा उड़ानें रद और कई विलंबित

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** विस्तारा के पायलटों द्वारा अचानक बड़े पैमाने पर सिक लीव (बीमारी के कारण छुट्टी) लेने की वजह से पूरे भारत में उसके उड़ान संचालन पर असर पड़ा है। इस कारण उसकी उड़ानें रद और विलंबित हुई हैं। कुछ विमानों के रखरखाव की अनिवार्य आवश्यकताएं और परिचालन की अन्य वजहें भी विस्तारा के परिचालन के प्रभावित होने के कारण हैं। विस्तार की अभी तक एक दर्जन से अधिक उड़ानें रद कर दी गई है। बड़ी संख्या में विस्तारा की उड़ानें एक सप्ताह से अधिक समय से विलंबित हैं। एयरलाइन कंपनी ने कई दिनों से जारी देरी और उड़ानें रद होने की बात स्वीकार की है। कुछ विमानों के रखरखाव की अनिवार्य आवश्यकताएं और परिचालन की अन्य वजहें भी विलंब के कारण हैं।विस्तार की अभी तक एक दर्जन से अधिक उड़ानें रद कर दी गई है। बड़ी संख्या में विस्तारा की उड़ानें एक सप्ताह से अधिक समय से विलंबित हैं। एयरलाइन कंपनी ने कई दिनों से जारी देरी और उड़ानें रद होने की बात स्वीकार की है। विस्तारा के प्रवक्ता ने कहा, ''कई कारकों के कारण हमारे नेटवर्क में व्यवधान आया है, जैसे कुछ विमानों की अप्रत्याशित रखरखाव जरूरतें, कुछ दिनों के दौरान उत्तर भारत में प्रतिकूल मौसम और अन्य नियमित परिचालन दिक्कतें।'प्रवक्ता ने कहा कि सिक लीव लेने वाले पायलटों की संख्या में वृद्धि नहीं हुई है और यह निश्चित सीमा के भीतर है, हालांकि, इससे व्यवधान के कारणों में इजाफा हुआ है। लेकिन यही अकेला कारण नहीं है। विस्तार के एक अधिकारी ने इस बात से इन्कार किया कि कई पायलटों ने एअर इंडिया के साथ विलय की प्रक्रिया के तुरंत बाद वेतन समानता के मुद्दों के बारे में चिंताओं का हवाला देकर असंतोष व्यक्त किया था। गौरतलब है कि जैसे-जैसे मार्च खत्म हो रहा है और अप्रैल से नया वित्तीय वर्ष शुरू होने रहा है, बड़ी संख्या में पायलटों ने बीमार होने की सूचना दी है, क्योंकि वे अपनी बकाया छुट्टियों को लैप्स होने से बचाना चाहते हैं। इस बीच, नाराज यात्री इंटरनेट मीडिया पर कई उड़ानों में देरी और सही शेड्यूल व देरी का कारण बताने में कंपनी की विफलता पर निराशा व्यक्त कर रहे हैं। कई यात्रियों ने उड्डयन मंत्री को टैग कर मामले की जांच करने की अपील की है।

## भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक लोकसभा चुनाव के लिए बाकी प्रत्याशियों पर होगी चर्चा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के क्रम में भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक सोमवार को होने की संभावना है। इसमें लोकसभा चुनावों के लिए बाकी प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा होगी।बैठक में राजग के महाराष्ट्र, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, हरियाणा एवं बिहार के सहयोगी भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के साथ सीट बंटवारे पर चर्चा कर सकते है। बैठक में राजग के महाराष्ट्र ओडिशा आंध्र प्रदेश कर्नाटक हरियाणा एवं बिहार के सहयोगी भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के साथ सीट बंटवारे पर चर्चा कर सकते हैं। इस दौरान वह भाजपा की बूथ कमेटी के अध्यक्ष और पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। वह आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। इस बीच, रविवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के चार नेता और कांग्रेस के एक नेता भाजपा में शामिल हो गए। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ भी उपस्थित थे। बीआरएस के चारों नेता हैं- पूर्व सांसद गोदम नागेश, पूर्व विधायक सेधी रेड्डी, पूर्व सांसद सीताराम नाइक और पूर्व विधायक जलागम वेंकट राव। वहीं, कांग्रेस से पार्टी के पूर्व प्रदेश महासचिव श्रीनिवास गोमासे भाजपा में शामिल हुए। पार्टी में उनका स्वागत करते हुए चुघ ने कहा कि ये सभी प्रख्यात शख्सियत हैं जिन्होंने समाज में अपने योगदान से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## सीएए के खिलाफ विपक्ष के आंदोलन पर सीएम हिमंत बिस्वा सरमा की चेतावनी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने रविवार को कहा कि कोर्ट के आदेश का उल्लंघन कर बंद बुलाने पर राजनीतिक दलों का पंजीकरण रद्द हो सकता है। नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के खिलाफ किसी भी विरोध को सुप्रीम कोर्ट ले जाया जाना चाहिए और कानून बनने के बाद सड़कों पर प्रदर्शन करने से कोई लाभ नहीं होगा। वह सीएए के लागू किए जाने पर विपक्षियों और छात्र संगठनों द्वारा दी गई तीव्र आंदोलन की चेतावनी पर प्रतिक्रिया दे रहे थे असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने रविवार को कहा कि कोर्ट के आदेश का उल्लंघन कर बंद बुलाने पर राजनीतिक दलों का पंजीकरण रद्द हो सकता है। नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के खिलाफ किसी भी विरोध को सुप्रीम कोर्ट ले जाया जाना चाहिए और कानून बनने के बाद सड़कों पर प्रदर्शन करने से कोई लाभ नहीं होगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रत्येक को विरोध करने का अधिकार है। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रत्येक को विरोध करने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि छात्र संगठनों को बंद बुलाने की अनुमति है लेकिन राज्य में गौहाटी हाईकोर्ट के बंद पर प्रतिबंध लगाने के कारण राजनीतिक दल ऐसा नहीं कर सकते हैं। हाईकोर्ट के आदेश का पालन नहीं करने पर हम चुनाव आयोग जाएंगे उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ही अब कानून को रद्द कर सकती है।

## विकसित भारत' का दूत बनेंगे कलाकार, पीयूष गोयल ने बताया पीएम मोदी के योद्धा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि कलाकार 'विकसित भारत' के राजदूत के रूप में एक नई क्रांति, एक विकास क्रांति में भागीदार बनेंगे। राष्ट्रीय आधुनिक कला दीर्घा (एनजीएमए) और ललित कला अकादमी (एलकेए) की ओर से पुराना किला में 'विकसित भारत एंबेसडर कलाकार कार्यशाला' का आयोजन किया गया था। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि कलाकार विकसित भारत के राजदूत के रूप में एक नई क्रांति एक विकास क्रांति में भागीदार बनेंगे। राष्ट्रीय आधुनिक कला दीर्घा (एनजीएमए) और ललित कला अकादमी (एलकेए) की ओर से पुराना किला में विकसित भारत एंबेसडर कलाकार कार्यशाला का आयोजन किया गया था।

## बौद्ध विकास योजना के तहत पांच राज्यों की 38 परियोजनाओं का शिलान्यास

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य और महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने रविवार को नई दिल्ली के शास्त्री भवन से वर्चुअल तरीके से 225 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली 38 परियोजनाओं की आधारशिला रखी। बौद्ध विकास योजना के तहत स्वीकृत इन परियोजनाओं से हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लोगों का लाभ मिलेगा। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य और महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने रविवार को नई दिल्ली के शास्त्री भवन से वर्चुअल तरीके से 225 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली 38 परियोजनाओं की आधारशिला रखी। बौद्ध विकास योजना के तहत स्वीकृत इन परियोजनाओं से हिमाचल प्रदेश उत्तराखंड अरुणाचल प्रदेश सिक्किम और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लोगों का लाभ मिलेगा। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के अनुसार स्मृति ईरानी ने अनुसंधान को प्रोत्साहन देने, भाषा के संरक्षण और बौद्ध समुदाय के कौशल उन्नयन के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज इन बुद्धिस्ट स्टडीज के लिए 30 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता की भी घोषणा की। केंद्रीय मंत्री ने कहा केंद्रीय बौद्ध अध्ययन संस्थान (सीआईबीएस), दिल्ली विश्वविद्यालय के बौद्ध सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज इन बौद्ध स्टडीज और अन्य प्रमुख संस्थानों को मिलकर सहयोग करना चाहिए, जिससे बौद्ध सांस्कृतिक विरासत और ज्ञान का संरक्षण किया जा सके साथ ही बौद्ध युवाओं आधुनिक शिक्षा दी जा सके।

# वार्नर कॉलेज ऑफ डेयरी टेक्नोलॉजी ने विकसित और सशक्त भारत के लिए एक रणनीतिक अनिवार्यता' शीर्षक से एक वेबिनार का आयोजन किया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** वार्नर कॉलेज ऑफ डेयरी टेकनेलॉजी ने डेयरी के लिए अपनी असाधारण 100 वर्षों की

शानदार सेवा को मान्यता देने के लिए अपने शताब्दी वर्ष के अवसर पर 'डेयरी और खाद्य क्षेत्र को मजबूत करने के लिए उभरते दृष्टिकोण - विकसित और सशक्त भारत के लिए एक रणनीतिक अनिवार्यता' शीर्षक से एक वेबिनार का आयोजन किया। बढ़ते डेयरी उद्योग को बदलने के लिए वर्तमान के प्रभाव को संप्रेषित करने और भावी पीढ़ी को यह वेबिनार प्रोत्साहित करेगा । वेबिनार की संकल्पना डॉ. एस.जी.एम. प्रसाद, डीन, वार्नर कॉलेज ऑफ डेयरी टेकनेलॉजी द्वारा की गई थी और इसका समन्वय सहायक प्रोफेसर ई.शांता पीटर द्वारा किया गया था। वेबिनार में लगभग 105 प्रतिभागियों की उपस्थिति देखी गई, जिसमें डेयरी और खाद्य बिरादरी के वैश्विक पेशेवर, पूर्व छात्र, वर्तमान छात्र और कॉलेज के कर्मचारी शामिल थे। डॉ. ए.ए. ब्रॉडवे, निदेशक एक्सटेंशन, सम्मानित अतिथि थे, जिन्होंने विकसित भारत के लिए खाद्य और डेयरी क्षेत्र की भूमिका और सशक्त भारत के निर्माण के लिए इन क्षेत्रों को विकसित करने के लिए अपनाए जा रहे दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। आईआईटी खड़गपुर के सहायक प्रोफेसर डॉ. रोनित मंडल ने 'भारतीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए सतत प्रौद्योगिकियों' पर व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण के लिए नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग पर जोर दिया। कॉलेज के उल्लेखनीय पूर्व छात्र, इं. सदाफ अहमद, इं. शुवम सिंह और इं. किरण बाजपेयी पुणे, कतर और अबू धाबी में काम कर रहे हैं और उन्होंने खाद्य और डेयरी प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में, अपने कॉलेज जीवन और करियर की संभावनाओं के बारे में अपने बहुमूल्य अनुभव साझा किए।

# 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर मतदाताओं को मतदान हेतु सहयोग करें

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रतापगढ़।**अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग के नवीनतम दिशा निर्देशानुसार जनपद के समस्त 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को मतदान करने के लिये पोस्टल बैलेट की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। उन्होने जनपद के 85 वर्ष की आयु वर्ग के ऊपर मतदाताओं को सूचित किया है कि वे स्वेच्छा से पोस्टल बैलेट के माध्यम से निवास स्थान पर मतदान करने हेतु निर्धारित फार्म-12डी में आवेदन कर अपने निवास स्थान पर मताधिकार का उपयोग कर सकते है। फार्म-12डी निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के 05 दिवसों के अन्दर सम्बन्धित विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के बी0एल0ओ0 द्वारा घर-घर जाकर 85 वर्ष की आयु वर्ग से ऊपर के मतदाताओं को उपलब्ध कराया जायेगा तथा भरा हुआ फार्म-12डी प्राप्त किया जायेगा। फार्म-12डी भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट के होम पेज पर मेनू के अन्तर्गत "कैन्डीडेट नामिनेशन एण्ड अदर फार्मस" के लिंक पर उपलब्ध है, जहां से इसे डाउनलोड करके भरकर सम्बन्धित निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग आफिसर के कार्यालय में जमा कराया जायेगा।

# भ्रष्टाचार और अन्याय के विरुद्ध कलम चलाना पत्रकार का धर्म

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** सचल प्रहरी पत्रकार वाणी पाक्षिक के सगरा सुंदरपुर कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर पत्रकारों एवं बुद्धिजीवियों ने जनहित की पत्रकारिता पर बल दिया। अखबार के संस्थापक मो0आरिफ ने सभी लोग व्यक्तिगत दुश्मनी साधने का अस्त्र बना लिए हैं।दुर्भावनापूर्ण ढंग से लिखी जाने वाली खबरें पत्रकारिता के लिए घातक हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता वह साधन है जिससे समाज एवं राष्ट्र के लिए एक कलमकार प्रेम,

अतिथियों का स्वागत करते अखबार प्रकाशन के उद्देश्य का प्रकटीकरण किया।संपादक मो0 रिजवान ने अखबार के संवाददाताओं को परिचय पत्र देकर सम्मानित किया। मोहम्मद सलीम की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उमेश चंद्र शुक्ल अधिवक्ता उच्च न्यायालय प्रयागराज ने कहा कि पत्रकारिता साफ सुथरे ढंग से करना चाहिए जिससे समाज को लाभ मिले और पत्रकारों के लिए कोई गलत शब्द का इस्तेमाल न करे। मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार डॉ.रणजीत सिंह ने राजा राममोहन राय से लेकर पंडित मदन मोहन मालवीय तक की पत्रकारिता के योगदान की चर्चा करते हुए पत्रकारिता को समाज एवं देश की सेवा का साधन बताया। उन्होंने कहा कि जिसके अंदर निर्भीकता न हो उसे पत्रकारिता नहीं करनी चाहिए। अलावा पत्रकारिता को आज एकता,समता,समरसता,सौहार्द एवं राष्ट्र प्रेम की भावना पैदा करता है?।साथ ही वह भ्रष्टाचार, अन्याय,कुनीत,कुरीति आदि के विरुद्ध अपनी लेखनी चलाता है। आज जब देश में कुछ लोग नफरत बांटने का काम कर रहे हैं तो पत्रकारों की जिम्मेदारी अधिक बढ़ गई है।उन्होंने कहा कि साप्ताहिक एवं पाक्षिक समाचार पत्र न्यूज़ के बजाय व्यूज़ पर आधारित होते हैं।इसलिए अच्छे विचारों को प्रकट करके अखबार की महत्ता को बढ़ाया जाय।कार्यक्रम में शैलेंद्र द्विवेदी,अरविंद दुबे,रंजन रजक,राहुल तिवारी, मोहम्मद साद,अजय यादव,अभय शुक्ल,मोहम्मद अयूब,मो0 अख्तर,कल्लू खान,प्रमोद शुक्ल, संजीव त्रिपाठी,मुर्तजा खान, प्रदीप मौर्य आदि लोग मौजूद रहे।संचालन मोहम्मद कलीम ने किया।

# तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से फूलपुर में दो छात्रों की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** सोमवार को अचानक

हुए हादसे में बेटे की मौत की खबर मिलते ही दोनों परिवारों में जहां कोहराम मच गया, वहीं गांव में मातम छा गया है। तेज रफ्तार कार ने दो छात्रों को रौंद दिया। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। सोमवार को इस दर्दनाक हादसे से घर में कोहराम मच गया। पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। यूपी के फूलपुर कोतवाली क्षेत्र स्थित अमोलवा गांव के रहने वाले अनुज यादव 14 पुत्र रामसिंह व पड़ोस का रहना वाला अमूल उर्फ अनूप 15 पुत्र आलोक सोमवार सुबह करीब साढ़े 8 बजे फूलपुर प्रतापपुर मार्ग पर खेत की तरफ जा रहे थे। वे जैसे परिषदीय विद्यालय सरायमनोहर के पास पहुंचे थे इसी बीच फूलपुर से प्रतापपुर की तरफ जा रही तेज रफ्तार वैगनआर कार ने दोनों को रौंद दिया। हादसे में घायल दोनों छात्रों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक अनुज यादव बच्चाराम यादव इंटर कॉलेज पूरेभुलई में 9वीं कक्षा का छात्र था। वहीं अमूल यादव भी पास के कॉलेज में हाईस्कूल में पढ़ता था। अनुज तीन भाइयों में सबसे छोटा था और अमूल दो भाई व एक बहन में दूसरे नंबर पर था। अमूल के पिता आलोक यादव मुंबई में रहकर कमाई करते हैं। सोमवार को अचानक हुए हादसे में बेटे की मौत की खबर मिलते ही दोनों परिवारों में जहां कोहराम मच गया, वहीं गांव में मातम छा गया है। उधर हादसे के बाद कार चालक गाड़ी लेकर भागने लगा। ग्रामीणों ने दौड़ाकर उसे पकड़ लिया। इंस्पेक्टर फूलपुर दीनदयाल सिंह ने बताया कि चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर वैगनआर कार को कब्जे में लेकर पुलिस कार्रवाई में जुटी हुई है।सोमवार को सड़क हादसे का शिकार हुए फूलपुर के अमोलवा गांव निवासी अनुज यादव को मानों मौत ही खींच लाई। बताते है कि हादसे में दूसरे मृतक छात्र अमूल की रिश्तेदारी में किसी की मौत हो गई थी। जानकारी होने पर अमूल खेत की तरफ जा रहा था, रास्ते में उसका साथी अनुज भी मिल गया। जिससे वह दोनों साथ जाने लगे और कुछ दूर पहुंचते ही कार ने रौंद दिया और दोनों की दर्दनाक मौत हो गई।

# फूलपुर में पुलिस की पीआरवी गाड़ी लेकर भागा युवक, बाइक सवार को मारी टक्कर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** इसी बीच मौके की नजाकत भांप कार सवार युवक ने पुलिस की पीआरवी गाड़ी में बैठा और स्टार्ट कर भागने लगा। वह अभी करीब दो किमी दूर गया ही था कि कोतवाली क्षेत्र के छेदीकापूरा गांव के रहने वाले सत्यम चौरसिया को पुलिस की गाड़ी से टक्कर मार दिया। पुलिस व पीआरवी अधिकारियों में उस समय खलबली मच गई, जब सड़क हादसे में घायल महिला की सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस की गाड़ी लेकर कार सवार युवक भाग निकला। अभी वह गाड़ी लेकर कुछ दूर ही गया था कि युवक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। फिलहाल पुलिस व ग्रामीणों ने दौड़ाकर उसे पकड़ लिया और कार्रवाई में जुट गई। यूपी के फूलपुर कोतवाली

क्षेत्र स्थित सांवडीह गांव की रहने वाली वेरसा देवी 50 पत्नी स्व.लालबहादुर पटेल को नशे की हालत में कार चला रहे युवक ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे वह मरणासन हो गई और अनियंत्रित कार सड़क किनारे खड़े में चली गई। ग्रामीणों की सूचना पर पीआरवी 112 नंबर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाने के लिए जैसे ही उतर कर महिला के पास पहुंची। इसी बीच मौके की नजाकत भांप कार सवार युवक ने पुलिस की पीआरवी गाड़ी में बैठा और स्टार्ट कर भागने लगा। वह अभी करीब दो किमी दूर गया ही था कि कोतवाली क्षेत्र के छेदीकापूरा गांव के रहने वाले सत्यम चौरसिया को पुलिस की गाड़ी से टक्कर मार दिया।

आधुनिक
गेस्ट हाउस
• वाटर प्रूफ शेड
• पार्किंग की सुविधा
• मन्दिर की सुविधा
• सी.सी.टीवी.
• छोटे-बड़े कार्यक्रमों के अलग-अलग रेट
• 45000 sq. feet. एरिया
• हरे-भरे वातावरण
• AC कमरा (VIP)

CALL: 9519313894,9415608783, 9415608710
आधुनिक समाचार पब्लिशिंग हाउस, यूपीएसआईडीसी, रेमण्ड रोड, औधोगिक थाने के पीछे भारत पेट्रोलियम के पहले, औधोगिक क्षेत्र, नैनी, प्रयागराज

# अयोध्या जा रही टूरिस्ट बस और ट्रक की आमने-सामने भिड़ंत, एक की मौत; दर्जनों लोग घायल




(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**वाराणसी।** जलालपुर हाईवे पर भवनाथपुर ग्राम स्थित सोनभद्र से अयोध्या जा रही टूरिस्ट बस और ट्रक के आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादस में एक शख्स की मौत हो गई है और दर्जनों लोग घायल बताए जा रहे हैं।

# नजर आया रमजान का चांद मंगलवार को रखा जाएगा पहला रोजा; लोगों ने एक दूसरे को दी मुबारकबाद

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**काशी ।** बच्चे इसे लेकर उत्साहित रहे। जहां पुरुष विशेष नमाज तरावीह को लेकर चर्चा करते रहे तो वहीं घरों में महिलाएं भी इबादत के साथ ही सहरी और इफ्तार को लेकर चर्चाओं में मशगूल रहीं। इलाकों में लोग नमाज की तैयारियों के तहत कुर्ता पाजामा, लुंगी और सबसे छोटा करीब 13 घंटे 20 मिनट और आखिरी रोजा सबसे लंबा 14 घंटा 08 मिनट का होगा। रमजान को लेकर मुस्लिम समुदाय में खुशी का माहौल है। मुस्लिम बहुल इलाकों सरैया, बजरडीहा, मदनपुरा, पीलीकोठी, नई सड़क, दालमंडी, लल्लापुरा, पठानीटोला, सराय हड़हा में चांद को लेकर लोगों



टोपी की खरीदारी भी की। जबकि मस्जिदों में भी तरावीह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाता रहा। अल्लाह की इबादत का मुकद्दस महीना रमजान चांद के दीदार के साथ शुरू हो गया। सोमवार को चांद नजर का दीदार हुआ। 12 मार्च को मुसलमान पहला रोजा रखेंगे। इस साल का पहला रोजा सबसे छोटा और आखिरी सबसे लंबा होगा। इस साल पहला रोजा में उत्साह का माहौल रहा। बच्चे इसे लेकर उत्साहित रहे। जहां पुरुष विशेष नमाज तरावीह को लेकर चर्चा करते रहे तो वहीं घरों में महिलाएं भी इबादत के साथ ही सहरी और इफ्तार को लेकर चर्चाओं में मशगूल रहीं। इलाकों में लोग नमाज की तैयारियों के तहत कुर्ता पाजामा, लुंगी और टोपी की खरीदारी भी की।

# बस और मैजिक वाहन में आग लगने से मची अफरातफरी, दमकलकर्मी मौके पर

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**वाराणसी।** वाराणसी में सिटी स्टेशन के पास उस वक्त अफरातफरी का माहौल बन गया जब वहां बस और मैजिक वाहन में आग लग गई। बीच सड़क पर अचानक वाहन धूं-धूंकर जलने लगे। जिसकी सूचना तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को दी गई।जिसके बाद दमकलकमिर्यों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने का काम शुरू किया। पुलिस के अनुसार फिलहाल जनहानि की कोई सूचना नहीं है और प्रथम दृष्टया यह समझ में आया है कि बिजली का तार टूट कर बस पर गिरने से आग लगी है।





# सिसकियों में बदली शहनाई की गूंज, जिस घर में शादी का मना रहे थे जश्न, वहां पसरा मातम

मऊ जिले के रानीपुर थाना क्षेत्र खिरिया कांझा से लड़की पक्ष के लोग शादी समारोह के लिए गाजीपुर के महाहर धाम जा रहे थे। मिनी बस में सभी बराती सवार होकर सोमवार को 12 बजे के बाद रवाना हुए। अभी बस गाजीपुर जनपद के मंदिर से कुछ दूरी पर पहुंची थी कि अचानक हाई वोल्टेज तार की चपेट में आ गई और बड़ा हादसा हो गया। शादी की सारी खुशियां पल भर में मातम में बदल गईं।जिस घर में सुबह तक शादी की खुशियां मनाई जा रही थीं, उस घर में मातम पसर गया। घटना के बाद पूरे गांव में सननटा पसर गया। वधू पक्ष की ओर से परिवार के साथ ही रिश्तेदार व आसपास के ग्रामीण भी गए थे। घटना के बाद



सभी लोग चिंतित हो गए। सभी लोग लड़की के घर पहुंचने लगे, हालांकि घर पर ताला लटका हुआ था।रानीपुर थाना क्षेत्र खिरिया कांझा गांव से नंदू सरोज बेटी की शादी गाजीपुर जनपद मरदह थाना क्षेत्र के महाहर धाम मंदिर में करने के लिए रिश्तेदारों एवं परिवार के साथ बस में सवार होकर जा रहे थे। बस मंदिर के पास पहुंचने ही वाली थी कि बीच रास्ते में गुजर रही हाई वोल्टेज तार की चपेट में आ गई। जिससे बस में आग लग गई। बस धूं-धूं कर जलने लगी। कुछ लोग करंट के झटके से बाहर गिर गए। बाकी लोग बस में झुलस गए। 28 वर्षीय पूजा पतनी गोविंद और उसका चार वर्षीय बच्चा दिव्यांशु निवासी ओनहाइच थाना सरायलखंसी, 35 वर्षीय मीरा पतनी अमरजीत तथा 16 वर्षीय नैंसी पुत्री दिनेश कुमार निवासी खिरिया कांझा थाना रानीपुर का उपचार जिला अस्पताल में किया जा रहा है।

# उर्जा मंत्री एके शर्मा के निर्देश पर तीन निलंबित, एक की सेवा समाप्त

**गाजीपुर।** बस हादसे को लेकर मंत्री एके शर्मा ने बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने घटना को लेकर तीन को निलंबित कर दिया है। जबकि एक की सेवा समाप्त करने के निर्देश दिए। घटना में पांच लोगों की मौत हुई है। गाजीपुर जिले में एक बस के हाई टेंशन बिजली के तार के संपर्क में आने से बड़ा हादसा हुआ है। बस में लगी आग से पांच लोगों की मौत हो गई। जबकि कई लोग झुलस गए हैं। घटना की जानकारी होने पर ऊर्जा एवं नहर विकास मंत्री ए. के. शर्मा ने सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने तीन अधिकारियों को निलंबित और एक की सेवा समाप्त कर दी है। वहीं बस हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए मृतकों की आत्मा को शांति प्रदान करने एवं परिजनों को हिम्मत देने की ईश्वर से प्रार्थना की मंत्री शर्मा ने घटना की जानकारी मिलते ही सख्त कार्रवाई करते हुए अधिशासी अभियंता मनीष, एसडीओ संतोष चौधरी और जेई प्रदीप कुमार राय को निलंबित और लाइनमैन नरेंद्र (संविदा कर्मी) की सेवा समाप्ति के निर्देश दिए। उन्होंने पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के एमडी, मंडलायुक्त, जिलाधिकारी एवं अधीक्षण अभियंता से बात की। सभी अधिकारियों को राहत कार्य में तेजी लाते हुए, घायलों के बेहतर इलाज की व्यवस्था सहित प्रभावित लोगों की हर संभव मदद करने का निर्देश दिया। साथ ही मंत्री शर्मा पीड़ित परिवारों से स्वयं मिलने के लिए गाजीपुर और मऊ भी पहुंचे। बता दें कि गाजीपुर के मरदह थाना के 400 मीटर के पास एचटी तार के संपर्क में आने से बस में आ आग लग गई। जिसमें कुल पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे का शिकार हुई बस बरातियों से भरी थी। बस मऊ से एक वैवाहिक कार्यक्रम में जा रही थी, जिसमें कुल 38 बराती बस में सवार थे।








# सीएए लागू होने के बाद काशी में छाई खुशियां, पटाखे जलाकर लोगों ने मनाया जश्न

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**काशी ।** सीएए अधिसूचना लागू होने के बाद काशीवासियों ने मोदी-मोदी के नारे लगाते हुए जशन मनाया। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) सोमवार को देश में लागू



खुशियां मनाई। लोगों ने मिठाई बांटे, पटाखे भी फोड़े। इस दौरान भाजपा कार्यकर्तां ने पीएम मोदी की तस्वीर पर तिलक लगाकर मोदी-मोदी के नारे लगाए नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू होने के बाद पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र काशी में लोगों ने खूब जशन मनाया। काशीवासियों ने पटाखे जलाए, एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर किया। लोगों ने पीएम मोदी के तस्वीर को लेकर खुशियां मनाई। हो गया। कानून को लेकर अधिसूचना जारी कर दी गई। नागरिकता संशोधन विधेयक 2019 को संसद द्वारा पारित किया गया था। बाद में इस विधेयक को राष्ट्रपति का अनुमोदन मिल गया था। सीएए के जरिए पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदायों से संबंधित अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता लेने में आसानी होगी।

# लाइब्रेरी संचालक ने युवती को इसलिए दिए थे रुपये

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**गोरखपुर।** लाइब्रेरी संचालक ने एक युवती को मदद में दस लाख वाली एक युवती ने कुछ दिन बाद आकर अस्पताल खोल लिया। लाइब्रेरी के उद्घाटन के समय आते




रुपये दे दिए। आरोप है कि रुपये वापस मांगने पर महिला ने अपने घरवालों के साथ मिलकर मारपीट की और बेहोश होने पर मेरे बगल में लेटकर वीडियो बना ली। अब उसी वीडियकर रही है। जानकारी के मुताबिक, राजधानी टोला सोनबरसा निवासी शत्रुमर्दन ने दी तहरीर में लिखा है कि न्यू शिवपुरी कॉलोनी में लाइब्रेरी चलाते है। बगल में ही बेतियाहाता दक्षिणी में रहने जाते परिचय होने की वजह से उसे भी बुलाया था।तब से आना जाने होगा। बाद में युवती ने अस्पताल में उपकरण लगाने के लिए रुपयों की जरूरत को बताते हुए दो बार में दस लाख रुपये ले लिए। इसी दरमियान रूबी का संबंध अवांछनीय तत्वों से हो गया, जिसके प्रभाव में आ गई और उसकी नियत भी खराब हो गई। लाइब्रेरी में कुछ पैसों की आवश्यकता पड़ने पर जब मैंने दिया हुआ।

# 70 लाख रुपए कि अवैध अंग्रेजी शराब हुई बरामद

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** पुलिस व आबकारी की संयुक्त टीम द्वारा 01 ट्रक में लोड 800 पेटी में 15540 बोतलों में



6337.440 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब इम्पीरियल ब्लू विस्की ब्राण्ड (शराब व ट्रक का कुल अनुमानित कीमत 70 लाख रुपये) बरामद कर 01 अन्तरप्रांतीय शराब तस्कर को किया गया गिरफ्तार -पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, डॉ0 यशवीर सिंह द्वारा आगामी लोक सभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध मादक पदार्थ/शराब तस्करी के विरुद्ध चलाये गये प्रहारक अभियान की निरन्तरता में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) कालू सिंह निर्देशन व क्षेत्राधिकारी ओबरा डॉ0 चारू द्विवेदी निकट पर्यवेक्षण में एसओजी/सर्विलांस, थाना हाथीनाला एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा तैयार किये गये प्रभावी एवं अचूक आसूचना संजाल द्वारा प्राप्त इनपुट से दिनांक 11.03.2024 को त्वरित कार्यवाही करते हुए समय 01.55 बजे रात्रि में हाथीनाला दुद्धी मार्ग पर खड़े 01 अदद ट्रक संख्या ‘’6ई9904 में लोड 800 पेटी में 15540 बोतलों में 6337.440 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब इम्पीरियल ब्लू विस्की (कुल शराब की अनुमानित कीमत 50 लाख रुपये ) की बरामदगी कर 01 नफर अन्तर्राज्यीय शराब तस्कर को गिरफ्तार किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना हाथीनाला पर मु0अ0सं0-12/2024 धारा 60/63 आबकारी अधिनियम व धारा 419, 420, 467, 468, 471 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है ।पूछताछ का विवरण- गिरफ्तारशुदा अभियुक्त ने पछताछ करने पर बताया कि ट्रक का मालिक विजय उर्फ वीरेन्द्र जाट पुत्र हरिराम, निवासी ग्राम सिसाना, थाना खरखौदा, जनपद सोनीपत हरियाणा है। उसी ने यह शराब मेरी जानकारी व उपस्थिति में सोनीपत में लोड करके पुराने जूट के बोरे का फर्जी कागजात देकर कहा कि रास्ते में कोई पूछे तो बता देना कि ट्रक में पुराना जूट का बोरा भरा हुआ है और यह कागजात दिखा देना जिससे किसी को संदेह नही होगा और बोला कि तुम इस ट्रक को लेकर दुमका (झारखण्ड) पहुँचो वहाँ पर शराब किसको देनी है फोन करके बातउंगा । शराब पहुंचाने के बदले में मुझे एक लाख रुपये देने के लिए ट्रक मालिक विजय ने वादा किया था। जिस कारण सब कुछ जानते हुए भी अधिक पैसे प्राप्त करने के लालच में अवैध शराब लेकर जा रहा था । गिरफ्तारशुदा अभियुक्त का विवरण- 01.सतीश नान्दल(जाट) पुत्र स्व0 प्रताप सिंह, निवासी ग्राम उदेसीपुर, पोस्ट पाणची जांटान, थाना गन्नौर, जिला सोनीपत हरियाणा उम्र लगभग 58 वर्ष (ट्रक ड्राइवर)। वांछित अभियुक्त का विवरण- 1.विजय उर्फ वीरेन्द्र जाट पुत्र हरिराम, निवासी ग्राम सिसाना, थाना खरखौदा, जनपद सोनीपत हरियाणा (वाहन स्वामी) । बरामदगी का विवरणः- 1.800 पेटी में 15540 बोतलों में 6337.440 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब इम्पीरियल ब्लू विस्की ब्राण्ड (अनुमानित कीमत 50 लाख रुपये) । 2.एक अदद ट्रक संख्या- ‘’6ई9904 (अनुमानित कीमत 20 लाख रुपये) । 4.01 अदद एन्ड्रायड मोबाइल बरामद । 5.नगद 4500/- रुपये बरामद । 6.चार अदद कुटरचित प्रपत्र । गिरफ्तारी / बरामदगी में सम्मिलित पुलिस टीम का विवरणः- 01.प्रभारी निरीक्षक प्रणय प्रसून श्रीवास्तव थाना हाथीनाला जनपद सोनभद्र । 02.निरीक्षक राम स्वरूप वर्मा प्रभारी एसओजी/स्वॉट जनपद सोनभद्र । 03.निरीक्षक आबकारी रविनन्दन व अमित कुमार मय हमराह जनपद सोनभद्र । 04.30नि0 अमित त्रिपाठी प्रभारी सर्विलांस सेल जनपद सोनभद्र । 05.30नि0 प्रेमशंकर मिश्र थाना हाथीनाला जनपद सोनभद्र। 06.हे0का0 शशि प्रताप सिंह, हे0का0 जगदीश मौर्या, का0 प्रेम प्रकाश चौरसिया स्वाट/एसओजी टीम जनपद सोनभद्र । 07.हे0का0 प्रकाश सिंह, हे0का0 सौरभ राय, का0 अमित सिंह सर्विलांस टीम जनपद सोनभद्र । 08.हे0का0 विष्णुशंकर उपाध्याय, हे0का0 रामाश्रय यादव, हे0का0 विनोद यादव थाना हाथीनाला जनपद सोनभद्र ।

# संविधान जागरूकता महा अभियान यात्रा रथ का स्वागत

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** संविधान जागरूकता महा अभियान यात्रा वाहन पहुंच सोमवार को जनपद सोनभद्र बाद मुख्यालय स्थित स्वर्ण जयंती चौक पर कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का पुष्प देकर किया स्वागत फिर



कार्यक्रम स्थल पर आयोजित हुई गोष्ठी वक्ताओं ने संविधान बचाने पर दिया जोर बुके वितरण कर दी जानकारी। आयोजन पंचशील मल्टीस्पेशलिटी के डायरेक्टर पवित कुमार मौर्य ने बताया कि सोमवार को सदर ब्लाक के मरकरी गांव में संविधान जागरूकता महा अभियान यात्रा गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय संयोजक भन्ते सुमित रत्न थेरा का स्वागत अभिवादन किया गया इस दौरान राष्ट्रीय संयोजक ने वहां मौजूद लोगों को संविधान की पुस्तक वितरित करते हुए संविधान बचाने के लिए लोगों को प्रेरित किया लोगों को बताया कि आज पूरे देश में संविधान खतरे में है संविधान के नाम पर राजनीतिक पार्टियों द्वारा आम जनमानस व गरीबों को गुमराह किया जा रहा है जिससे लोग आपस में जातिवाद के नारों के बीच फंसकर राजनीति के शिकार हो रहे हैं जिसे बचाने को और उठकर आगे बढ़ाने की जरूरत है आए हम शपथ ली कि संविधान की रक्षा करते हुए संविधान का पालन करते हुए लोगों को जागरूक करेंगे और संविधान के नियमों को बदलते हुए संविधान के दिशा निर्देश पथ पर चलेंगे इस दौरान सैकड़ो ग्रामीणों ने सदस्यता ग्रहण करते हुए उनका अभिवादन वह हृदय से आभार व्यक्त किया कार्यक्रम संचालन कर रहे ग्राम प्रधान विद्यासागर मौर्य ने वहां मौजूद सभी ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए एक साथ संविधान बचाओ नारा लगाते हुए जयकारे लगाए गया वह शपथ ली गई कि संविधान बचाने को हम सब एकत्रित होकर एक संदेश देने का काम करेंगे इस मौके पर उमेश कुशवाहा, वीरेंद्र मौर्य ,रामलाल कुशवाहा, कपिल मुनि ,चंद्रमा मौर्य सहित आठ लोग मौजूद रहे।

# मुकदमे के सिलसिले मे कचहरी में से आई महिला का मिला शव

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** सोनभद्र जिले के राबट्र्सगंज कोतवाली क्षेत्र के कचहरी के सामने खाली प्लाट पर एक महिला का शव मिलने से हड़कंप मंच गया है। सूचना के बाद



मौक़े पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम महिला के शव को कब्जे में लेकर जांच में जुट गईं है वही घटना की जानकारी होते ही एएसपी कालू सिंह व सीओ सिटी राहुल पांडेय भी मौके पर पहुंच कर जांच किया। पुलिस के अनुसार महिला का दुप्टे से गला घोंट कर हत्या की गई है वही महिला के आधार कार्ड से उसकी पहचान हो सकी पुलिस ने मृतक के परिजनों को सुचना देकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार राबट्र्सगंज कोतवाली क्षेत्र के वार्ड नं0 एक पूरब मोहाल के पास एक महिला का शव पड़ा हुआ राहगीरों ने देखा। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी वही मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने महिला के शव के पास मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान ममता श्रीवास्तव उम्र 28वर्ष पत्नी राजीव श्रीवास्तव निवासी फुलवार गांव थाना विंढमगंज के रूप में किया । मृतिका कचहरी में किसी केश के सिलसिले में आई थी और अज्ञात बदसमाशों ने उसको दुप्टे से गला घोंट कर हत्या कर दिया और शव को खाली प्लाट पर छोड़ मौक़े से फरार हो गए। पुलिस ने मृतिका के परिजानों को सूचना देकर शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में में एएसपी कालू सिंह ने बताया की कचहरी रोड पर खाली प्लाट पर एक महिला का शव मिला है उसके आधार कार्ड से उसकी पहचान ममता श्रीवास्तव पत्नी राजीव श्रीवास्तव उम्र 28 निवासी थाना विंढमगंज के रूप में हुई है। मृतिका के परिजानों को सूचना दिया गया है शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जा रहा है।

# बी सी सखियों ने अपनी मांगों को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** विकास भवन परिसर में सोमवार को विशिष्ट करसपोडेंट महिला उत्थान समिति बैनर तले राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत चुनी गई बीसी सखियों ने अपनी आठ सूत्री मांग पत्र कार्य करके आमदनी को बढ़ाया जा सके सरकार के द्वारा जो मन्देह रखा गया था उसे तत्काल बीसी सखियों के खाते में भेजा जाए वही श्री कुमारी ने बताया कि हम सभी का चयन एक ग्राम पंचायत एक बी सी के अंतर्गत किया गया



मुख्यमंत्री नामित सीडीओ को सौप कर बुलंद की आवाज किया विरोध प्रदर्शन। जिला अध्यक्ष पूजा कुमारी ने बताया कि सरकार के द्वारा जो 75000 सपोर्ट फंड दिया गया था उसे पूरी तरह से माफ किया जाए क्योंकि बी सी सखियों की इतनी आमदनी नहीं होती है जो इन कर्ज को भरपाई कर सके वही हम लोगों का मानदेय बढ़ाकर स्थाई किया जाए जिससे हम में लोगों की आजीविका चल सके हम लोगों का खाता नजदीकी राष्ट्रीय कृत बैंक क्षेत्र 194 एन के तहत ओडी अकाउंट खोला जाए वही हम सभी वाहनों को आधार करेक्शन तथा नए आधार बनाने की आईडी प्रदान की जाए जिससे हम सबकी आए पढ़ सके शासन के द्वारा जितने भी शासनादेश जारी किए गए हैं उन सबको जमीन पर सत प्रतिसत पालन कराया जाए डिवाइस वापस करके इस पेज से लैपटॉप दिया जाए जिससे अन्य तो हम सभी को एक जैसी डिवाइस और एक जैसा बैंक तथा एक जैसा मशीन उपलब्ध कराया जाए क्योंकि यह छोटी-छोटी प्राइवेट वॉलेट बैंक को कोई पहचान नहीं होने के कारण हम लोगों का कार्य सुचारू रूप से नहीं चल पाता है हम लोग गांव के रहने वाले हैं गांव में इन बैंकों का कोई प्रचार प्रसार नहीं है अतः हमें किसी भी राष्ट्रीय बैंक से जोड़ा जाए वहीं जिला अध्यक्ष पूजा कुमारी ने बताया कि इन्हीं सब मांगों को लेकर मुख्यमंत्री नामित ज्ञापन सीडीओ सौरव गंगवार को देते हुए बी सखियों ने आवाज बुलंद की मांगे पूरी नहीं हुई तो मुख्यमंत्री कार्यालय के सामने घेराव करने को हम बात देंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी इस मौके पर अमरावती, सोनमती ,मधु, रीता, सुशीला देवी, सुमन, गुड्डी, शांति, सुमन,सोनम,गिरिजा सहित आज मौजूद रहे।

# बालिकाओं में शौर्य शक्ति एंव अदम्य साहस है उन्हे सिर्फ निखारने की आवश्यकता है-इंदु सिंह

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**अनपारा सोनभद्र।** महिलाओं के प्रति सम्मान व प्रशंसा शैक्षणिक एंव एंव अदम्य साहस है उन्हे सिर्फ निखारने की आवश्यकता है। दिशिता महिला मंड़ल अध्यक्षा श्रीमती





सामाजिक उत्थान के लिए दिशिता महिला मंडल ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस व शिवरात्री का त्यौहार बड़े ही हर्षोल्लास एंव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर दिशिता महिला मंड़ल अध्यक्षा श्रीमती इंदू सिंह ने कहा कि बालिकाओं में शौर्य शक्ति इंदू सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता रहा है विश्व महिला दिवस व शिवरात्री का पावन दिन बड़े ही सांस्कृतिक एंव पुनीत संयोजन के साथ किया गया। दिशिता महिला मंड़ल ने शिवरात्री के अवसर पर देवो के देव महादेव का हनुमान मंदिर रेनुसागर स्थित शिवमंदिर पर पूजा आराधना कर शिवभजन व भक्तिगीत का आयोजन किया गया जिससे पूरा प्रंगण भक्तिमय हो गया। ।तत्पश्चात दिशिता महिला मंड़ल रेनूसागर ने मधुवन पार्क में विश्व महिला दिवस बड़े ही भव्य व सम्मानीय ठंग से मनाया गया। दिशिता महिला मंड़ल अध्यक्षा श्रीमती इंदू सिंह ने विश्व महिला दिवस के अवसर पर शिक्षा को अनवरत रूप से चलाते रहने के लिए कक्षा 11 में पढ़ने वाली 9 मेंधावी व जरूरतमंद बालिकाओ 6 माह की फीस स्कार्लशीप के रूप में प्रदान कर पुनीत कार्य किया गया साथ ही सदस्याओं के लिए विभिन्न प्रकार के खेल आदि कराया गया।कार्यक्रम के प्रारम्भ में दिशिता महिला मंड़ल की सचिव कविता श्रीमाली ने सभी महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाऐं दी। जिसमें सभी विजेता महिलाओं कों पुरस्कृत किया गया इस अवसर पर अध्यक्षा श्रीमती इंदू सिंह वरिष्ठ सदस्याऐं विभा शैलेश सिंह, सपना तिवारी,मेनका अरोड़ा, आशा सैनी, सविता चैबें, विभा सिंह व तुलिका श्रीवास्तव, रजनी रूंगटा व महिला मंड़ल की अन्य प्रमुख रूप सदस्यायें उपस्थित थी। कार्यक्रम का समापन सचिव के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। स्कार्लशीप पाकर सभी बालिकाओं के चेहरे पर खुशियाँ व नया उल्लास था।

# अवैध रूप से अफीम की खेती करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक म ा ि र ज ा ा प ा ु र

ठआभिनन्दनठद्वाराआगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने तथा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने तथा अवैध रूप से मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्षगण को निर्देश दिया गया है । उक्त निर्देश के अनुक्रम में एसओजी, सर्विलांस व थाना विन्ध्याचल पुलिस बल को बड़ी सफलता हाथ लगी है । आज दिनांकः11.03.2024 को थाना विन्ध्याचल पुलिस को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम पियरीभीट में एक व्यक्ति अफीम पोस्त के पौधों की खेती किया है उक्त सूचना पर एसओजी, सर्विलांस व थाना विन्ध्याचल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर अवैध रुप से अफीम की खेती करने वाले अभियुक्त फूलचन्द्र बिन्द पुत्र स्व0नचकू बिन्द निवासी पियरीभीट थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया तथा मौके से अनुमानित कीमत ? 02 करोड़ के 2675 अफीम पोस्त के पौधे मय डोडा(वजन 109 किग्रा) बरामद किया गया । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना विन्ध्याचल पर मु0अ0सं0-47/2024 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय/ जेल भेजा जा रहा है ।

# शिक्षक संघ ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ उत्तर प्रदेश के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर मंडलीय अध्यक्ष व जिलाध्यक्ष रवि भूषण









सिंह व जनपदीय पदाधिकारी के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री महोदय उत्तर प्रदेश सरकार को परिषदीय शिक्षकों शिक्षामित्र व अनुदेशकों तथा विद्यालय से संबंधित समस्याओं सहित व बिना पूर्ण रूप से संसाधन उपलब्ध कराये डिजिटलाइजेशन के माध्यम से छात्र व मध्याह्न भोजन पंजिका ऑनलाइन कराया जाना कहीं ना कहीं से व्यावहारिक नहीं है।इन्हीं सभी मांगों का 18 सूत्रीय मांग पत्र का ज्ञापन सौंपा गया जिसमें प्रमुख मांग निम्नवत हैः सभी विद्यालयों को टैबलेट व विभागीय आईडी पर सिम व इंटरनेट उपलब्ध कराया जाय, सभी स्तर से पदोन्नति की जाएं, 17140- 1850 वेतनमान की विसंगति को दूर की जाय,कैशलेस चिकित्सा उपलब्ध कराई जाय,मध्यान भोजन से शिक्षकों को अलग किया जाय व गैर- शैक्षणिक कार्य बंद किए जाएं, योग्यताधारी शिक्षामित्र को शिक्षक के पद पर समायोजित व शिक्षा मित्र व अनुदेशक को सम्मानजनक मानदेय दिया जाए, जनपद के भीतर 2013 के बाद से स्थानांतरण बंद है उसे तुरंत शुरू किया जाए, छात्र-शिक्षक अनुपात सही करने के लिए शिक्षकों की नियुक्ति की जाय,चयन वेतनमान व प्रोन्नत वेतनमान के लंबित प्रकरणों को निस्तारित किया जाय, शिक्षकों को थिं व हाफ ण्थ् की सुविधा दी जाय, संवैधानिक संस्था बेसिक शिक्षा परिषद की बैठक अक्टूबर 2008 से नहीं हुई है व बिना बेसिक शिक्षा परिषद के अनुमोदन आदेशों को निरस्त किया गया।इन सभी समस्याओं को बार-बार मांग पत्र के माध्यम से देने के बाद भी उच्च अधिकारियों द्वारा कोई भी सकारात्मक निर्णय नहीं लिया जा रहा है लेकिन दुर्भाग्यवश शिक्षकों को अपमानित तथा प्रताड़ित करने के आदेश जारी किए जा रहे हैं जो कहीं से भी जायज नहीं हैं। इस धरना प्रदर्शन में पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के महामंत्री धीरेंद्र पति तिवारी, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष योगेश पांडेय,मण्डलीय उपाध्यक्ष कमलेश सिंह,अनिल सिंह, यूटा के जिलाध्यक्ष शिवम अग्रवाल, अटेवा के जिला अध्यक्ष राजकुमार मौर्य, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष संतोष कुमारी, शिक्षामित्र संघ के जिला अध्यक्ष वकील अहमद खान, धर्मेंद्र उपाध्याय, महेंद्र जायसवाल,मण्डल मंत्री गलर राम,विनोद मिश्रा, संतोष सिंह, विनोद सिंह,अभिषेक मिश्रा, मनीष शर्मा, ब्रह्मानंद मौर्य, सरिता पटेल, विंजो, शिखा, रजनी राजवंश,उदय श्रीवास्तव, माधुरी, रेखा रानी, सबीना, नागेंद्र मौर्य, रमेश सिंह, अमित विश्वास, सुरेन्द्र पटेल, अमिय सहित सैकड़ों शिक्षकों, शिक्षामित्र, अनुदेशक ने धरना प्रदर्शन में प्रतिभाग कर विरोध प्रदर्शन किया तथा ज्ञापन सौंपा।

# पुराने पुलिया के मरमत की जगह नगरपंचायत ने कर दिया लाखों की लागत से नए पुलिया बनाने का टेण्डर

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**डाला/सोनभद्र ।** पूर्व में ग्राम पंचायत द्वारा बने पुलिया की मरम्मत की जगह नए सिरे से निर्माण के लिए कर दिया गया टेंडर, जिसमे सरकारी धन का बंदरबाट बनने से पहले ही दिखाई देने लगा। नगरपंचायत - डालाबजार के वार्ड 4 स्थित बहादुर गोंड के



घर के पास ग्राम पंचायत कोटा द्वारा पुलिया का निर्माण कराया गया था। जिसमे मात्र मरम्मत की आवश्यकता है। जहां नगरपंचायत द्वारा कमीशन के छक्कर में नए सिरे से निर्माण करने की अनुमति का टेंडर जारी कर दिया गया। वही अभी सड़क अपनी जगह अपनी गरिमा में जैसे का तैसा है। मौके पर पुलिया में मात्र एक जगह लगभग 1 मीटर के दायरे में पुराने बोल्डर सरक गए है। जिसमे मरम्मत किया जा सकता है। फिरभी अनदेखी क्यों। कुछ विशेष आपको बताते चलें कि पुलिया का निर्माण नए सिरे से 7.19 लाख की लागत से तैयार होना है। जिसमे पहले से बोल्डर लगे हुए है। जिसपर ठेकेदार/ नगरपंचायत जिम्मेदार की पैनी नजर लगी हुई है। वही इन सिलसिलाओ को नगर के कोने - कोने में चार्चाओ का विषय बना हुआ है। नगरपंचायत द्वार पुलिया 2 मीटर स्पॉन का बनाने का टेंडर पास किया गया है। जबकि पहले से पुलिया का निर्माण लगभग 4 मीटर स्पॉन का बनाया गया है। इन प्रतिक्रियाओं से ज्ञात हो रहा है कि कही न कही सरकारी धन का दुरुपयोग किया जाना नगरपंचायत-डाला बाजार द्वारा भ्रष्टाचार को बढ़ावा देना है ।

# वार्डों में पानी की किल्लत को लेकर किया जाएगा निस्तारण

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**सोनभद्र।** उ0प्र0 शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के



लिये प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में सोमवार को नगर पालिका परिषद सोनभद्र में रूबी प्रसाद, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद सोनभद्र एवं विजय कुमार यादव अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सोनभद की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का आयोजन किया गया। तत्क्रम में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 2, नगर पंचायत घोरावल में 2, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 2, नगर पंचायत चोपन में 2, नगर पंचायत ओबरा में 1, नगर पंचायत रेनुकूट में 3, नगर पंचायत पिपरी में 2, नगर पंचायत दुद्धी में 2, नगर पंचायत डाला बाजार में 1, नगर पंचायत अनपरा में 4, समस्त निकायों को मिलाकर कुल 21 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई पेयजल व मार्ग प्रकाश से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। विजय कुमार यादव, अधिशासी अधिकारी/ नोडल अधिकारी, नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है इस पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जा रही है। इस मौके पर जेई मनीष कुमार, संत कुमार, सुजीत कुमार, आकाश रावत, विमलेश कुमार ,अजीत कुमार, अमित दुबे सहित आज लोग मौजूद रहे।

# पीएम मोदी ने इफको फूलपुर में नमो ड्रोन दीदियों को प्रदान किया निःशुल्क ड्रोन

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**फूलपुर।** इफको फूलपुर में आयोजित कार्यक्रम में नमो ड्रोन दीद योजना के तहत 104 महिला किसानों को निःशुल्क ड्रोन प्रदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल तरीके से किया। इफको फूलपुर इकाई के कारडेट में सोमवार को नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत ड्रोन वितरण की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल किया। सोमवार को फूलपुर में 104 ड्रोन प्रदान किए गए। फूलपुर में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में के इफको के वरिष्ठ कार्यकारी



निदेशक संजय कुदेशिया, राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी, फूलपुर की सांसद केशरी देवी पटेल, विधायक प्रवीण पटेल, भदोही संसदीय क्षेत्र के सांसद रमेश बिंद, एमएलसी सुरेन्द्र चौधरी के साथ ही ड्रोन दीदी तथा अन्य वरिष्ठ नेता एवं इफको के अधिकारी और किसान शामिल रहे।खेती से महिलाओं को रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई ड्रोन दीदी योजना के तहत इफको फूलपुर में ड्रोन वितरण सोमवार को किया गया। पूर्वाह्न करीब बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ड्रोन दीदी को वर्चुअल संबोधित किया। कार्यक्रम में इफको की ओर से 104 महिलाओं को ड्रोन प्रदान किए गए।

# ऑस्ट्रेलिया की जीत के हीरो रहे एलेक्स कैरी, एक दिन में पलटा मैच; न्यूजीलैंड को रौंदकर 2-0 से जीती सीरीज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** क्राइस्टचर्च टेस्ट में खेले दिया। एलेक्स कैरी ने नाबाद 98 रन की पारी खेलकर कंगारू टीम तक ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 279 रन का पीछा करते हुए जल्दी अपने




गए दूसरे टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने न्यूजीलैंड को 3 विकेट से मात देकर दो मैचों की टेस्ट सीरीज 2-0 से अपने नाम की। पहली पारी में 162 रन पर ऑलआउट होने के बाद दूसरी पारी में कीवी टीम ने 372 रन का स्कोर बनाया था और ऑस्ट्रेलिया को 279 रन का टारगेट मिला था। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 256 रन बनाकर 94 रन की बढ़त हासिल की थी। क्राइस्टचर्च टेस्ट में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने न्यूजीलैंड को 3 विकेट से मात देकर दो मैचों की टेस्ट सीरीज 2-0 से अपने नाम की। दूसरे टेस्ट में कंगारू टीम के लिए रियल हीरो एलेक्स कैरी और मिचेल मार्श रहे जिन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम को जीत दिलाने में अहम योगदान किया। मिचेल ने 80 रन तो एलेक्स ने नाबाद 98 रन की पारी खेली। इसके जवाब में दूसरी पारी में कंगारू टीम बीते दिन यानी 10 मार्च तक न्यूजीलैंड से पिछड़ते हुए नजर आ रही थी, लेकिन 11 मार्च को कंगारू टीम के बैटर एलेक्स कैरी और मिचेल मार्च ने पूरा मैच ही पलट को धांसू जीत दिलाई। दरअसल, ऑस्ट्रेलियाई टीम ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज के आखिरी मैच में टॉप जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क की घातक गेंदबाजी के सामने न्यूजीलैंड की पूरी टीम पहली पारी में 162 रन पर ढेर हो गई। जोश ने 5 विकेट, जबकि स्टार्क ने 3 विकेट हासिल किए। कीवी टीम की तरफ से टॉम लैथम ने सबसे ज्यादा 38 रन बनाए। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहली पारी में मार्नस लाबुशेन के 90 रन की पारी के दम पर 256 रन बनाकर टीम को 94 रन की अहम बढ़त हासिल की। इसके अलावा कोई भी बल्लेबाज 30 रन भी नहीं बना सका। न्यूजीलैंड की तरफ से मैट हेनरी ने घातक गेंदबाजी करते हुए 7 विकेट अकेले झटके थे। इसके जवाब में दूसरी पारी में कीवी टीम की तरफ से रचिन रविंद्र, टॉम और डेरेल ने अर्धशतक जड़ा और 372 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के पास 94 रन की बढ़त थी तो उसे 279 रन का टारगेट मिला। 10 मार्च के खेल विकेट गंवा दिए थे। मैट हेनरी ने स्टीव स्मिथ को अपने जाल में फंसाया और बेन सियर्स ने एक आसान कैच करके मार्नस लाबुशेन को आउट किया। कंगारू टीम ने 4 विकेट के नुकसान पर 74 रन बना लिए थे। इसके बाद 11 मार्च को कंगारू टीम के लिए दो बल्लेबाजों ने रियल हीरो का काम किया। मिचेल मार्श और एलेक्स कैरी ने तूफानी बैटिंग करते हुए पूरे मैच का रुख बदल दिया। मिचेल मार्श ने 102 गेंद पर 10 चौके और 1 छक्के की मदद से 80 रन की तूफानी पारी खेली। मार्श के आउट होने के बाद भी एलेक्स कैरी ने पारी को संभाला और 123 गेंद का सामना करते हुए 98 रन की नाबाद खेली और कंगारू टीम ने दूसरा टेस्ट 3 विकेट से अपने नाम कर लिया। न्यूजीलैंड की टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने घर में टेस्ट क्रिकेट में 31 साल का सूखा खत्म नहीं कर सकी। न्यूजीलैंड ने अपने घर में ऑस्ट्रेलिया को 1993 के बाद से अब तक पिछले 11 मैचों में हरा नहीं पाई थी और अब यह 12वां मैच रहा जहां कीवी टीम के हाथों निराशा ही लगी।

# आईपीएल 2024से पहले केकेआर ने चला बड़ा दांव विस्फोटक बल्लेबाज की हुई टीम में एंट्री

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल 2024 के आगाज से ठीक पहले बड़ा दांव चला है। केकेआर ने जेसन रॉय के रिप्लेसमेंट के तौर पर इंग्लैंड के धाकड़ बल्लेबाज को टीम से जोड़ा है। रॉय निजी कारणों के चलते इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन में नहीं खेल पाएंगे। केकेआर को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में 23 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ना है। कोलकाता नाइट राइडर्स ने जेसन रॉय के रिप्लेसमेंट के तौर पर इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज फिल सॉल्ट को टीम से जोड़ा है। सॉल्ट आईपीएल के मिनी ऑक्शन में इस बार अनसोल्ड रहे थे। सॉल्ट पिछले सीजन दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेले थे। दिल्ली के लिए खेले 9 मैचों में सॉल्ट ने 163.91 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 218 रन कूटे थे दरअसल, कोलकाता नाइट राइडर्स ने जेसन रॉय के रिप्लेसमेंट के तौर पर इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज फिल सॉल्ट को टीम से जोड़ा है। सॉल्ट आईपीएल के मिनी ऑक्शन में इस बार अनसोल्ड रहे थे। सॉल्ट पिछले सीजन दिल्ली कैपिटल्स की ओर से खेले थे। दिल्ली के लिए खेले 9 मैचों में सॉल्ट ने 163.91 के स्ट्राइक रेट से खेलते हुए 218 रन कूटे थे। सॉल्ट का आईपीएल में यह दूसरा सीजन होगा। सॉल्ट को केकेआर ने उनके बेस प्राइस 1.5 करोड़ में ही टीम से जोड़ा टी-20 क्रिकेट में फिल सॉल्ट की गिनती इंग्लैंड के सबसे विस्फोटक बल्लेबाजों में की जाती है। सॉल्ट अपनी तूफानी बैटिंग के दम पर किसी भी मैच का रुख पलटने का दमखम रखते हैं।

# अभी उनका समय नहीं चल रहाणे और श्रेयस अय्यर के सपोर्ट में उतरे शार्दुल ठाकुर फैन्स से की खास अपील

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** रणजी ट्रॉफी 2024 में बल्ले से जमकर धमाल मचा रहे शार्दुल ठाकुर अजिंक्य रहाणे और श्रेयस अय्यर के सपोर्ट में उतरे हैं। लॉर्ड शार्दुल का कहना है कि यह दोनों दिग्गज खिलाड़ी इन दिनों खराब दौर से गुजर रहे हैं, ऐसे में इनकी आलोचना करने की बजाय उन्हें सपोर्ट किया जाना चाहिए। विदर्भ के खिलाफ खेले जा रहे फाइनल मुकाबले में शार्दुल ने महज 37 गेंदों पर शतक ठोका। अजिंक्य रहाणे के लिए रणजी ट्रॉफी 2024 का सीजन किसी बुरे सपने से कम नहीं रहा है। विदर्भ के खिलाफ खेले जा रहे फाइनल मैच की पहली पारी में भी रहाणे सिर्फ 7 रन बनाकर आउट हुए। वहीं बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर हो चुके अय्यर भी मात्र सात रन बनाकर चलते बने। इस बीच शार्दुल ठाकुर रहाणे-अय्यर के सपोर्ट में उतरे हैं। अजिंक्य रहाणे के लिए रणजी ट्रॉफी 2024 का सीजन किसी बुरे सपने से कम नहीं रहा है। कप्तानी में तो रहाणे तारीफ लूटने में सफल रहे हैं, लेकिन बल्लेबाजी में उनका प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा है। विदर्भ के खिलाफ खेले जा रहे फाइनल मैच की पहली पारी में भी रहाणे सिर्फ 7 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर हो चुके अय्यर भी मात्र सात रन बनाकर चलते बने।



# क्रिकेट फैन्स के लिए आई दिल खुश कर देने वाली खबर आईपीएल 2024 में खेलने के लिए तैयार ऋषभ पंत एनसीए से मिली हरी झंडी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अगर आप भी ऋषभ

पंत के चौके-छक्कों के दीवाने हैं, तो यह खबर आपके काम की है। आईपीएल 2024 में पंत दिल्ली कैपिटल्स की ओर से धमाल मचाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। पंत को एनसीए से हरी झंडी मिल गई है। यानी नेशनल क्रिकेट एकेडमी ने विकेटकीपर बल्लेबाज को फिट घोषित कर दिया है। हालांकि, पंत टूर्नामेंट में कीपर की भूमिका में नजर नहीं आएंगे। ऋषभ पंत को एनसीए ने पूरी तरह से फिट घोषित कर दिया है। यानी आईपीएल 2024 में पंत दिल्ली कैपिटल्स की ओर से रंग जमाते हुए नजर आएंगे। पंत कार दुर्घटना का शिकार होने के चलते आईपीएल 2023 में खेलते हुए नजर नहीं आए थे। हालांकि वह स्टेडियम में दिल्ली को चीयर करने जरूर मैदान पर पहुंचे थे। बता दें कि पंत का पिछले साल भयंकर कार एक्सीडेंट हुआ था। दरअसल, ऋषभ पंत को एनसीए ने पूरी तरह से फिट घोषित कर दिया है। इसका मतलब यह है कि पंत आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स की ओर से रंग जमाते हुए नजर आएंगे। स्पोर्ट्स तक के अनुसार, पंत को एनसीए की तरफ से पूरी तरह से फिट होने का सर्टिफिकेट मिल गया है।

# रोहित शर्मा को बेहतर कप्तान मानने को तैयार नहीं पूर्व इंग्लिश खिलाड़ी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** एक बड़ी पुरानी कहावत है, रस्सी जल गई पर बल नहीं गया। यही हाल इंग्लैंड के पूर्व खिलाडियों का है। भारत की धरती पर टेस्ट सीरीज में 4-1 से पटखनी खाने के बावजूद पूर्व इंग्लिश प्लेयर्स की ऐंठन कम होने का नाम नहीं ले रही है। रोहित की पलटन ने स्टोक्स झेलनी पड़ी। ग्रीम स्वान ने बैजबॉल अप्रोच को गलत ठहराने से साफतौर पर इनकार किया। उन्होंने कहा, ठाुझे नहीं लगता है कि इस दौरे पर हमको बैजबॉल अप्रोच देखने को मिली। हमने यह अप्रोच सिर्फ एक ही पारी में देखी, जब ओली पोप ने 190 रन बनाए और वही बैजबॉल की परिभाषा



एंड कंपनी को टेस्ट सीरीज में शर्मसार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी, लेकिन इसके बाद ग्रीन स्वान रोहित को बेहतर कप्तान मानने को तैयार नहीं हैं। इंग्लैंड की टीम भारत की धरती पर 12 साल का सूखा एकबार फिर खत्म करने में नाकाम रही। बेन स्टोक्स की कप्तानी में इंग्लिश टीम ने सीरीज का आगाज जीत के साथ किया था। हालांकि इसके बाद टीम के प्रदर्शन का ग्राफ बुरी तरह से नीचे गिरा जिसके चलते टीम को अगले चार टेस्ट मैचों में लगातार हार थी। मुझे नहीं लगता है कि इंग्लैंड उस अप्रोच के साथ खेली, जिसको आपको मीडिया वाले बैजबॉल कहते हैं। इंग्लैंड की टीम भारत की धरती पर 12 साल का सूखा एकबार फिर खत्म करने में नाकाम रही। बेन स्टोक्स की कप्तानी में इंग्लिश टीम ने सीरीज का आगाज जीत के साथ किया था। हालांकि, इसके बाद टीम के प्रदर्शन का ग्राफ बुरी तरह से नीचे गिरा, जिसके चलते टीम को अगले चार टेस्ट मैचों में लगातार हार झेलनी पड़ी।



# बल्ले से रंग जमाने के बाद सिक्स पैक एब्स चमकाते नजर आए शुभमन गिल, इंस्टाग्राम पोस्ट ने लगाई सोशल मीडिया पर आग

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** शुभमन गिल की गिनती भारतीय क्रिकेट टीम के सबसे डैशिंग क्रिकेटर्स में की जाती है। गिल अपने लुक्स और शानदार फिजीक से आए दिन सोशल मीडिया पर छाए रहते हैं। एकबार फिर भारतीय युवा बैटर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जो सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल गई हैं। तस्वीरों में गिल अपने एब्स चमकाते हुए नजर आ रहे हैं। शुभमन गिल के लिए इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई टेस्ट सीरीज बल्ले से यादगार रही। गिल ने पांच मैचों की कुल 9 पारियों में 56.50 की औसत से 452 रन कूटे। इस दौरान गिल के बल्ले से तीन शतक निकले। धर्मशाला में खेले गए आखिरी टेस्ट मैच में गिल ने 110 रन की धांसू पारी खेली। टेस्ट सीरीज में रंग जमाने के बाद गिल छुट्टियां एन्जॉय कर रहे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई टेस्ट सीरीज



में बल्ले से धमाल मचाने के ठीक बाद शुभमन गिल हॉलिडे पर निकल पड़े हैं। गिल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दो तस्वीर शेयर की हैं, जिसमें वह अपने एब्स दिखाते हुए नजर आ रहे हैं। दरअसल, फोटोज में गिल ने टॉवल लपेट रखा है और उन्होंने अपने सिर पर एक कैप पहन रखी है। तस्वीरों में गिल की शानदार बॉडी निखरकर सामने आ रही है। शुभमन गिल के लिए इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई टेस्ट सीरीज बल्ले से यादगार रही। गिल ने पांच मैचों की कुल 9 पारियों में 56.50 की औसत से 452 रन कूटे। इस दौरान गिल के बल्ले से तीन शतक निकले। धर्मशाला में खेले गए आखिरी टेस्ट मैच में गिल ने 110 रन की धांसू पारी खेली। शुभमन गिल आईपीएल 2024 में गुजरात टाइटंस की कमान संभालते हुए नजर आएंगे। हार्दिक पांड्या के मुंबई इंडियंस लौटने के बाद गुजरात ने इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीजन के लिए टीम की बागडोर गिल के हाथों में सौंपी है। गुजरात की ओर से खेलते हुए पिछले दो सीजन में भारतीय सलामी बल्लेबाज का प्रदर्शन दमदार रहा है। ऐसे में इस सीजन भी गिल टी-20 वर्ल्ड कप से ठीक पहले बल्ले से धमाकेदार प्रदर्शन जरूर करना चाहेंगे।

# अगर कोहली का बल्ला चला आरसीबी हरभजन ने कर दी बड़ी भविष्यवाणी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 को शुरू होने में कुछ ही बचे हैं। 22 मार्च को सीजन का उद्घाटन मैच खेला जाएगा। पहला मैच पिछले साल की चैंपियन चेनन्ई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु के बीच खेला जाएगा। दोनों ही टीमें पहले मुकाबले के लिए एक्साइटेड हैं। इससे पहले पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह ने कोहली को लेकर बड़ा बयान दिया ह स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए हरभजन सिंह का मानना है कि अगर रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु को खिताब जीतना है तो कोहली का चलना बहुत जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोहली का बल्ला 2016 की तरह रन उगलता है तो टीम को आगे जाने से कोई नहीं रोक सकता। हरभजन का मानना है कि टीम में कई घाकड़



प्लेयर मौजूद हैं स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए हरभजन सिंह का मानना है कि अगर रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु को खिताब जीतना है तो कोहली का चलना बहुत जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोहली का बल्ला 2016 की तरह रन उगलता है तो टीम को आगे जाने से कोई नहीं रोक सकता। हरभजन का मानना है कि टीम में कोहली के अलावा ग्लेन मैक्सवेल और कैमरून ग्रीन और रजत पाटीदार के होने का फायदा मिलेगा।

इस सप्ताह की शुरुआत प्रसन्नता के साथ होगी। लेकिन बातचीत में संवत रहें। शिक्षा से जुड़े काम पर ध्यान देने की आवश्यकता है। धैर्य रखना होगा। भागदौड़ बनी रहेगी।

इस सप्ताह आत्म संवत रहने की आवश्यकता है। मन परेशान रहेगा। गुस्सा पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार का साथ मिलेगा। लाभ के

मन में आशा-निराशा बनी रहेगी। नकारात्मक विचारों से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखने की आवश्यकता है। शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। नौकरी में कार्यभार में बढ़ोतरी

सप्ताह के शुरूआत से वाणी में मधुरता रहेगी, लेकिन धैर्यशीलता बनाए रखने की कोशिश करें। शिक्षा से जुड़े कामों में सफलता मिलेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखना

सप्ताह के पहले दिन से मन में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना है। शासन सत्ता का योग बन रहा है। भवन सुख मिलेगा। शिक्षा से जुड़े काम में

इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा होगी। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। मन परेशान हो सकता है। स्वभाव में

नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों

इस सप्ताह परिवार के साथ धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। माता का सहयोग भी प्राप्त होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। ज्यादा उत्साही होने से बचें।

नौकरी में तरक्की होने की संभावना है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बना रहेगा। मानसिक शांति रहेगी। गुस्सा पर काबू रखें।

परिवार में हंसी-खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। नकारात्मक विचारों से बचाव

मन खुश रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

# रोमांच की सारी हदें हुई पार, तूफानी पारी खेलकर भी आरसीबी को जीत नहीं दिला सकीं रिचा घोष दिल्ली ने एक रन से मारी बाजी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आखिरी गेंद तक चले सांसें रोक देने वाले मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने आरसीबी को एक रन से हराया। लास्ट ओवर की आखिरी गेंद पर बैंगलोर को जीत के लिए 2 रन की दरकार थी, लेकिन ऋचा घोष दूसरा रन पूरा करने से पहले रनआउट हो गईं। पल-पल पलटे मुकाबले में बाजी दिल्ली के हाथ लगी। दिल्ली द्वारा दिए गए 182 रन के लक्ष्य के जवाब में आरसीबी 7 विकेट खोकर 180 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ ही दिल्ली ने प्लेऑफ का टिकट भी कटा लिया है 182 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बैंगलोर की शुरुआत अच्छी नहीं रही। स्मृति मंधाना महज 5 रन बनाकर चलती बनीं। हालांकि इसके बाद एलिसा पैरी ने सोफी मोलिनेक्स के साथ मिलकर मोर्चा संभाला और दूसरे विकेट के लिए 80 रन जोड़े। ऋचा ने आखिरी ओवर में दो सिक्स जमाए पर वह टीम को जीत दिलाने में नाकाम रहीं 182 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बैंगलोर की शुरुआत अच्छी नहीं रही। स्मृति मंधाना महज 5 रन बनाकर चलती बनीं। हालांकि, इसके बाद एलिसा पैरी ने सोफी मोलिनेक्स के साथ मिलकर मोर्चा



संभाला और दूसरे विकेट के लिए 80 रन जोड़े। मोलिनेक्स 33 रन बनाकर आउट हुई, तो पैरी 32 गेंदों पर 49 रन बनाने के बाद रनआउट होकर पवेलियन लौटीं। सोफी डिवाइन ने 26 रन का योगदान दिया आखिरी के ओवरों में ऋचा घोष ने बल्ले से जमकर धमाल मचाया। ऋचा ने सिर्फ 29 गेंदों का सामना करते हुए 51 रन की तेज तर्रार पारी खेली। ऋचा ने लगभग बैंगलोर को जीत दिला ही दी थी, लेकिन आखिरी गेंद पर आरसीबी के हाथ से जीत फिसल गई। ऋचा ने अपनी इस पारी के दौरान 4 चौके और तीन छक्के जमाए। ऋचा ने आखिरी ओवर में दो सिक्स जमाए, पर वह टीम को जीत दिलाने में नाकाम रहीं दिल्ली कैपिटल्स ने इससे पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर स्कोर बोर्ड पर 181 रन लगाए। कप्तान मेग लेनिंग 29 रन बनाकर आउट हुई, तो शेफाली वर्मा ने 18 गेंदों पर 23 रन जड़े। जेमिसा रोड्रिग्स ने दिल्ली की ओर से एकबार फिर बल्ले से धमाल मचाया और 36 गेंदों पर 58 रन कूटे। जेमिमा को दूसरे छोर से एलिस कैप्सी का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने 32 गेंदों पर 48 रन ठोके। दिल्ली कैपिटल्स ने इस जीत के साथ ही महिला प्रीमियर लीग 2024 के प्लेऑफ में अपनी जगह बना ली है। दिल्ली प्लेऑफ में पहुंचने वाली दूसरी टीम बनी है। इससे पहले डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई इंडियंस अंतिम चार का टिकट कटा चुकी है।

# सम्पादकीय

## विरोधियों के बेतुके बयानों के कारण भी भाजपा को मिलते हैं वोट

भाजपा की नीतियां अपनी जगह हैं, लेकिन विरोधियों के बेतुके बयानों से आहत होकर भी जनता कांग्रेस के खिलाफ मत देने को विवश हो जाती है। पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों के परिणामों के निहितार्थ क्या हैं? यह ठीक है कि राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में जनता ने भाजपा की नीतियों-कार्यक्रमों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व में हो रहे सकारात्मक परिवर्तनों से प्रभावित होकर बहुमत दिया है। परंतु लगता है कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के बेतुके बयानों से आहत होकर भी जनता कांग्रेस के खिलाफ मत देने को विवश हो जाती है। भले ही बीते एक वर्ष से इस दल की अध्यक्षता मल्लिकार्जुन खरगे कर रहे है, परंतु पार्टी की परोक्ष कमान गांधी परिवार के हाथों में ही है। वर्षों से कांग्रेस में विचारधारा का टोटा है, जिसकी पूर्ति घिसे-पिटे वामपंथी जुमलों से करने का प्रयास हो रहा है। इसका सबसे ताजा उदाहरण कांग्रेस द्वारा तात्कालिक राजनीतिक लाभ के लिए राजनीति में जाति के भूत को पुनः जीवित करने का प्रयास है। कांग्रेसी नेताओं द्वारा इन चुनावों में 'जितनी आबादी, उतना हक' का नारा बार-बार दोहराया गया। अभी तक सपा, बसपा, राजद जैसे क्षेत्रीय दल जाति आधारित राजनीति करते थे। यह पहली बार है, जब किसी राष्ट्रीय दल के रूप में कांग्रेस ने इस जिन्न को बंद बोतल से बाहर निकालने की कोशिश की है। जाति निश्चय ही भारतीय समाज की एक सच्चाई है। परंतु अब आधुनिक शिक्षा, सर्वांगीण अवसर, तकनीकी दौर और बाजारवाद के युग में जाति की भूमिका गौण हो गई है। आज के आकांक्षावान युवा जातीय पहचान से ऊपर उठकर देखने की क्षमता रखते हैं। इसलिए राहुल-प्रियंका के 'सत्ता में आने पर जातिगत-जनगणना कराकर आबादी के हिसाब से हक दिलाने' के वादे का उलटा प्रभाव हुआ। इसी वजह से अशोक गहलोत और भूपेश बघेल की योजनाओं के असंख्य लाभार्थी भी कांग्रेस से छिटक गए। इससे पहले गत वर्ष गुजरात विधानसभा चुनाव और अपनी 'भारत जोड़ो' यात्रा के समय राहुल ने आदिवासियों को देश का 'असली मालिक' बताया था। यदि राहुल के लिए आदिवासी देश के 'असली मालिक' हैं, तो शेष लोग कौन हैं? छत्तीसगढ़-मध्य प्रदेश जैसे आदिवासीबहुल राज्य में भाजपा की निर्णायक जीत ने राहुल की 'आदिवासी बनाम शेष हिंदू समाज' की राजनीति को भी ध्वस्त किया। वास्तव में, यह चिंतन भारतीय संस्कृति विरोधी वामपंथ से प्रेरित होने के साथ ब्रितानी औपनिवेशिक उपक्रम ('बांटो-राज करो' सहित) से भी जनित है, जिसका अंतिम उद्देश्य भारत को एक राष्ट्र के रूप में नकारना और उसे 1947 की भांति कई टुकड़ों में खंडित करना है। इसका प्रमाण- राहुल के विदेशी विश्वविद्यालयों में दिए उन वक्तव्यों में मिल जाता है, जिसमें उन्होंने भारतीय लोकतंत्र और देश की मौलिक बहुलतावादी संस्कृति को अपमानित करते हुए कहा था–'भारत एक राष्ट्र नहीं, अपितु राज्यों का एक संघ है।' सच तो यह है कि भारत सदियों से सांस्कृतिक तौर पर एक राष्ट्र है। यह विडंबना है कि राहुल गांधी मार्क्स-मैकॉले एजेंडे को तब आगे बढ़ा रहे है, जब गांधी जी ने अपनी हिंद स्वराज (1909) पुस्तक में लिखा था- '...अंग्रेजों ने सिखाया है कि आप एक राष्ट्र नहीं थे और एक-राष्ट्र बनने में आपको सैकड़ों वर्ष लगेंगे। यह बात बिल्कुल निराधार है। जब अंग्रेज हिंदुस्तान में नहीं थे, तब भी हम एक राष्ट्र थे, हमारे विचार एक थे, हमारा रहन-सहन एक था। ...भेद तो अंग्रेजों ने बाद में हमारे बीच पैदा किए... दो अंग्रेज जितने एक नहीं, उतने हम भारतीय एक थे और एक हैं...।' बात केवल यहीं तक सीमित नहीं है। स्वतंत्र भारत के सार्वजनिक विमर्श को भी राहुल गांधी ने सर्वाधिक क्षति पहुंचाई है। धुर वैचारिक-राजनीतिक विरोधी होने के बाद भी पंडित नेहरू और अटल बिहारी वाजपेयी ने सीमा नहीं लांघी। इंदिरा गांधी ने, बतौर प्रधानमंत्री, सावरकर और गोलवलकर को भी सराहा। परंतु राहुल अपवाद हैं। अपनी ही सरकार द्वारा पारित अध्यादेश की प्रति को फाड़ना, उद्यमियों को तिरस्कृत करना, एक उपनाम के सभी लोगों को चोर बताना और या 'पनौती', 'डंडे मारने' जैसे शब्दों का उपयोग करना-इसका प्रमाण है। सच तो यह है कि मोदी-शाह की जोड़ी जनता को अपने पक्ष में मत देने के लिए प्रोत्साहित तो करती है, परंतु राहुल-प्रियंका के वक्तव्य कांग्रेस सरकार के लाभार्थियों को भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए विवश कर देते हैं।

# 'इंडिया' की अंदरूनी चुनौतियां, गठबंधन को बचाने के लिए प्रबंधन की दरकार

तीन राज्यों के विधानसभा चुनावों में अप्रत्याशित हार के बाद उपज रही निराशा से 'इंडिया' गठबंधन पर टूट का खतरा मंडरा रहा है। उसे अपनी गतिविधियों के व्यापक प्रबंधन के लिए एक पूर्णकालिक संचालक की दरकार है, पर दिक्कत यह है कि कांग्रेस की योजना में संयोजक का पद 'अनावश्यक' माना जा रहा है राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश, इन तीन हिंदी भाषी राज्यों के विधानसभा चुनावों में मिली अप्रत्याशित और अपमानजनक पराजय के बाद कांग्रेस को 'इंडिया' गठबंधन के भीतर से भी कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनावों के नतीजे आने के बमुश्किल 48 घंटों के बाद ही मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख कमलनाथ ने ईवीएम मशीनों के खिलाफ एक सामूहिक मुहिम के लिए जरूरी समर्थन जुटाने हेतु ममता बनर्जी, अखिलेश यादव और नीतीश कुमार तक पहुंचने की कोशिश की दरअसल, कमलनाथ चाहते हैं कि 'इंडिया' गठबंधन चुनावों पर न्यायमूर्ति मदन लोकुर की अध्यक्षता वाले सिटिजन कमीशन की सिफारिशों को जोर-शोर से उठाए, जिनके अनुसार ईवीएम मशीनें सत्यापन योग्य नहीं हैं। सिटिजन पैनल के एक सदस्य सुभाशीष बनर्जी का तर्क है कि ईवीएम मशीन के स्रोत कोड को सार्वजनिक होना चाहिए या ईवीएम में केवल एक बार प्रोग्राम करने वाली चिप का ही इस्तेमाल होना चाहिए इत्यादि बातें केवल मुख्य मुद्दे से भटकाने का काम करती हैं। अगर ये सभी मांगें मान भी ली जाएं (माना भी जाना चाहिए), तब भी ईवीएम सत्यापन योग्य नहीं होंगी। लेकिन ईवीएम के कथित दुरुपयोग के लिए 'इंडिया' गठबंधन का समर्थन पाने की कमलनाथ की इस कोशिश में एक बड़ा दोष है। पहला, यह पराजित पक्ष का तर्क है, और, दूसरा, ईवीएम से छेड़छाड़ का यह तर्क तेलंगाना में कांग्रेस के शानदार प्रदर्शन के संदर्भ में अपना अर्थ खोता दिखता है, जहां उसने बीआरएस और भाजपा, दोनों को प्रभावशाली अंतर से हराया, लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण यह है कि मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों के दौरान 'अखिलेश वखिलेश' कहते हुए 'इंडिया' गठबंधन के सहयोगियों को प्रदेश से बाहर रखने के बाद कमलनाथ जिस दुस्साहस के साथ सहयोगियों से समर्थन मांग रहे हैं, उससे अखिलेश, ममता और नीतीश चकित हैं। यह भी याद किया जा सकता है कि तीन महीने पहले सितंबर में दिल्ली में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के अध्यक्ष शरद पवार के आवास पर विपक्ष के 13 सदस्यीय पैनल की एक बैठक हुई थी, जिसमें 'इंडिया' गठबंधन ने अक्तूबर के पहले हफ्ते में भोपाल में महागठबंधन की पहली बैठक के लिए सहमति जताई गई थी। लेकिन कमलनाथ ने ऐसी किसी सार्वजनिक बैठक की मेजबानी से इन्कार कर दिया था, जो भाजपा सरकार में बढ़ती कीमतों, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के मुद्दों पर केंद्रित होगी। भोपाल में 'इंडिया' गठबंधन की बैठक को लेकर कमलनाथ के विरोध को कई तरह से देखा जा सकता है। उनका तर्क था कि प्रस्तावित गठबंधन लोकसभा चुनाव के लिए था, जो राज्य विधानसभा चुनाव में उन्हें नुकसान पहुंचा सकता था, जो उन्हें लगा कि वह आसानी से जीत रहे हैं। उन्हें तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पुत्र उदयगिरि द्वारा सनातन धर्म पर की गई टिप्पणी से उपजे विवाद की भी जानकारी थी। वह समाजवादी पार्टी, जदयू और वामपंथियों के साथ कुछ ही सीटों को लेकर किसी भी तरह के समझौते के पक्ष में नहीं थे। सभी जानते हैं कि अखिलेश यादव ने इसे कितना बड़ा मुद्दा बनाया, जिसे नीतीश कुमार और ममता बनर्जी का समर्थन भी मिला। दरअसल, मध्य प्रदेश में इस 'अन्य' वर्ग के वोट भाजपा के खाते में पड़े, जिसने भाजपा के वोट प्रतिशत को 46 फीसदी तक पहुंचा दिया, जबकि कांग्रेस 40 फीसदी पर ही ठहर गई। सवाल यह है कि क्या कमलनाथ इस झड़प को टाल सकते थे? व्यापक तौर पर देखें, तो 'इंडिया' गठबंधन के कुछ सहयोगी अब कांग्रेस पर भरोसा नहीं कर पा रहे हैं। सीटों के बंटवारे के प्रस्तावित फॉर्मूलें को अब टीएमसी, समाजवादी पार्टी, जदयू और आप की तरफ से ज्यादा विरोध का सामना कर पड सकता है। निराशा या अवसरवादिता के चलते 'इंडिया' गठबंधन के टूटने का भी खतरा है, क्योंकि, विपक्ष को डर सताने लगा है कि 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजे लगभग तय ही हैं। दरअसल, 'इंडिया' गठबंधन की सभी वार्ताओं में गांधी परिवार एक कमजोर कड़ी बना हुआ है। कांग्रेस में राहुल और प्रियंका गांधी की कोई भूमिका तय नहीं है। मल्लिकार्जुन खरगे को अखिल भारतीय कांग्रेस के 88वें अध्यक्ष बने बेशक एक साल से ऊपर हो चुका है, लेकिन यह बात फैली हुई है कि किसी भी राजनीतिक फैसले या मंजूरी के लिए वह राहुल गांधी के पास जाते हैं। तो, आखिर कांग्रेस के लिए आगे की राह क्या बचती है? विपक्ष या 'इंडिया' गठबंधन को यथाशीघ्र चुनाव- प्रबंधन के तंत्र, वार्ता के बिंदु और सोशल मीडिया नीति को दुरुस्त कर लेना चाहिए। गठबंधन के सामने सबसे बड़ा सवाल नरेंद्र मोदी का है। क्या मतदाताओं की नजर में संभावित विकल्प बने बगैर मौजूदा प्रधानमंत्री से सवाल करना या उनकी आलोचना करना उचित है? 'इंडिया' गठबंधन के लिए कैच-22 (विरोधाभाषी स्थितियों में फंसना) जैसी स्थिति हो गई है। उन्हें मोदी को कठघरे में भी खड़ा करना है, और अपने बीच से किसी को प्रधानमंत्री के चेहरे के तौर पर न दिखाने को लेकर उनमें तकरीबन सहमति भी है। इसी तरह जाति जनगणना और आरक्षण के मुद्दों पर राहुल गांधी का खास जोर और धार्मिक कार्यक्रमों में बदलाव लाने के कांग्रेस के प्रयास कुछ ज्वलंत मुद्दे हैं कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन में कई लोग ऐसे हैं, जो जाति जनगणना के मुद्दे पर ज्यादा विचार-विमर्श की जरूरत को मानते हैं। इसी तरह मध्य प्रदेश में कमलनाथ द्वारा शुरू किए गए हिंदुत्व समर्थक कार्यक्रमों पर भी बात होने की पूरी उम्मीद है। 'इंडिया' गठबंधन को अपनी गतिविधियों के व्यापक प्रबंधन के लिए एक पूर्णकालिक संयोजक की भी जरूरत है, जिस पर सहमति नहीं बन पा रही है। किसी से छिपा नहीं है कि इसके लिए ममता बनर्जी, शरद पवार और नीतीश कुमार इसके कुछ दावेदार हैं, बशर्ते कांग्रेस नेतृत्व (गांधी परिवार और खरगे), उनसे औपचारिक अनुरोध करें। दिक्कत यह है कि कांग्रेस की योजना में संयोजक का पद कुछ अस्पष्ट वजहों से 'अनावश्यक' माना जा रहा है। इन चुनौतियों को देखते हुए ममता, नीतीश और अखिलेश जैसे 'इंडिया' गठबंधन के नेता चाहते हैं कि कांग्रेस अपनी तरफ से सुलह के कुछ संकेत दे और अनौपचारिक तौर पर गठबंधन का नेतृत्व क्षेत्रीय दलों को सौंपे। यह कड़वी दवा ही कांग्रेस के लिए एकमात्र उपचार है।

# मिजोरम को विकास चाहिए, जातीय राष्ट्रवाद के बजाय संरचनात्मक परिवर्तन के वादों पर भरोसा

मिजोरम के मतदाताओं ने एमएनएफ के जातीय राष्ट्रवाद के बजाय जेडपीएम के संरचनात्मक परिवर्तन के वादों पर भरोसा किया। लेकिन राज्य की बदहाल आर्थिक स्थिति के मद्देनजर देखने वाली बात होगी कि जेडपीएम अपनी घोषणाओं को जमीनी स्तर पर उतारने के लिए क्या कदम उठाएगी। मिजोरम के विधानसभा चुनाव में लालदुहोमा के नेतृत्व वाला गठबंधन जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) ने अपना शानदार राजनीतिक प्रदर्शन करते हुए मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) को सत्ता से बेदखल कर दिया है। इस पूर्वोत्तर राज्य में बदलाव की हवा इतनी तेज थी कि मुख्यमंत्री जोरामथंगा आइजोल ईस्ट-1 की सीट पर चुनाव हार गए। उन्हें जेडपीएम के ललथनसांगा ने दो हजार मतों से पराजित किया। जेडपीएम ने 40 सदस्यीय विधानसभा की 27 सीटों पर कब्जा जमाया, जबकि सत्तारूढ़ एमएनएफ को 10 सीटें ही मिलीं। भाजपा को दो और कांग्रेस को मात्र एक सीट मिली। गौरतलब है कि 1987 से राज्य की सत्ता पर बारी-बारी से दो ही पार्टियों-कांग्रेस और एमएनएफ का कब्जा रहा है। इन्हीं दोनों पार्टियों के बीच दस-दस साल के अंतराल पर सत्ता का बंटवारा हुआ है। इन दोनों पार्टियों के यथास्थितिवादी नजरिये से जनता ऊब गई थी। ऐसे में जब जेडपीएम ने यह नारा दिया कि 'बदलाव के लिए वोट करें, हमारी नई पार्टी को मौका दें', तो मतदाताओं को उम्मीद दिखी और उन्होंने जेडपीएम पर भरोसा करके मतदान किया। जोरम पीपुल्स मूवमेंट का गठन वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव से ठीक पहले हुआ था। शुरुआत में जोरम पीपुल्स मूवमेंट छह क्षेत्रीय दलों का गठबंधन था, जिसमें मिजोरम पीपुल्स कॉन्फ्रेंस, जोरम नेशनलिस्ट पार्टी, जोरम एक्सोडस मूवमेंट, जोरम डिसेंट्रलाइजेशन फ्रंट, जोरम रिफॉर्मेशन फ्रंट और मिजोरम पीपुल्स पार्टी शामिल थीं। लेकिन 2019 में सबसे बड़ी संस्थापक पार्टी मिजोरम पीपुल्स कॉन्फ्रेंस गठबंधन से अलग हो गई और अब यह पांच छोटे-छोटे दलों का गठबंधन है।

# पाकिस्तान में हालात आज भी वही, शीर्ष अदालत ने मान ली 44 साल पुरानी गलती

पाकिस्तान की शीर्ष अदालत ने भले 44 साल बाद ही सही, लेकिन मान लिया कि जुल्फिकार अली भुट्टो को दी गई फांसी में उचित न्यायिक प्रक्रियाओं का पालन नहीं हुआ था। लेकिन सेना की जिस तानाशाही की वजह से ऐसा हुआ, वह आज भी पाकिस्तान की राजनीति पर हावी है।पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट में काली सलवार-कमीज और काले कोट पहने खड़े थे। उनकी कोट की जेब में विशुद्ध सिंधी रंगों वाला एक प्रिंटेड रूमाल था। बिलावल अपनी कानूनी टीम के साथ दिवंगत नाना यानी पूर्व प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो के मामले में फैसले का इंतजार कर रहे थे। यह अदालत की लाइव कार्यवाही थी और पाकिस्तान समेत दुनिया भर के लोग इसे देख रहे थे। प्रधान न्यायाधीश ने सर्वसम्मति से फैसला सुनाते हुए कहा, 'जुल्फिकार अली भुट्टो के मामले की निष्पक्ष सुनवाई नहीं हुई और न ही संविधान की उचित न्यायिक प्रक्रिया का पालन किया गया। लाहौर उच्च न्यायालय द्वारा मुकदमे की कार्यवाही और सुप्रीम कोर्ट में अपील की कार्यवाही के दौरान निष्पक्ष सुनवाई के मौलिक अधिकार और संविधान के अनुच्छेद 4 एवं 9 में निहित उचित प्रक्रिया को पूरा नहीं किया गया, जबकि संविधान के अनुच्छेद 10ए में उचित प्रकिया के तहत एक अलग और मौलिक अधिकार के रूप में निष्पक्ष सुनवाई की गारंटी दी गई है।' फैसला सुनते ही बिलावल रो पड़े और जेब से रूमाल निकालकर अपने आंसू पोछे। उनकी टीम के सदस्यों और समर्थकों की आंखों में भी आंसू थे। बाद में मीडिया से बात करते हुए उनकी आवाज कांप रही थी। जब उनकी मां बेनजीर भुट्टो की हत्या कर दी गई थी, तब भी मैंने छोटे से बिलावल को सार्वजनिक रूप से रोते हुए नहीं देखा था। अब बिलावल बड़े हो गए हैं और पीपीपी के अध्यक्ष हैं। वह न केवल अपने नाना, बल्कि पीपीपी के पहले अध्यक्ष जुल्फिकार अली भुट्टो के मामले की सुनवाई देख रहे थे। मैंने हमेशा कहा है कि सैन्य तानाशाह और भ्रष्ट व अनैतिक सुप्रीम कोर्ट द्वारा जुल्फिकार अली भुट्टो को दी गई फांसी एक 'न्यायिक हत्या' थी। जैसा कि किसी ने टिप्पणी की कि इतिहास ने पहले ही जुल्फिकार अली भुट्टो को दोषमुक्त कर दिया है। भुट्टो के मुकदमे की निष्पक्षता और पारदर्शिता को लेकर सुप्रीम कोर्ट का ताजा रुख स्वागतयोग्य है। लेकिन शीर्ष अदालत को अपनी नाक के नीचे होने वाली सुनवाई की गुणवत्ता पर भी ध्यान देना चाहिए। देर से न्याय होना न्याय नहीं होने के समान है। सुप्रीम कोर्ट ने जब भुट्टो को फांसी देने का फैसला सुनाया था, तब बिलावल का जन्म भी नहीं हुआ था। लेकिन सुप्रीम कोर्ट का ताजा फैसला आसिफ अली जरदारी द्वारा भुट्टो की फांसी के खिलाफ 2011 में दायर मुकदमे के संदर्भ में था। इस ताजे ऐतिहासिक फैसले की पृष्ठभूमि यह है कि वर्ष 2011 में राष्ट्रपति रहते हुए आसिफ अली जरदारी ने संविधान के अनुच्छेद 186 के तहत भुट्टो की मौत के फैसले पर फिर से विचार करने के लिए शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। सुप्रीम कोर्ट के इस ताजा फैसले का अनेक राजनेताओं एवं वकीलों ने स्वागत करते हुए इसे 'ऐतिहासिक' बताया है। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा, 'इतिहास की गलतियों को सुधारना मुमकिन तो नहीं है, लेकिन उस गंभीर गलती को स्वीकार करना नया इतिहास है और इससे नई परंपरा स्थापित हुई है। उन्होंने आगे कहा कि पिछली गलतियों को सुधारकर और दुश्मनी को खत्म करके ही राष्ट्रीय एकता और विकास को बढ़ाया जा सकता है।' इस बीच बिलावल की बहन आसिफा भुट्टो ने कहा कि आखिर भुट्टो की 'न्यायिक हत्या' के बाद सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार कर लिया कि उन्हें निष्पक्ष सुनवाई से वंचित कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि उनकी न्यायिक हत्या के 44 साल बाद सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार किया कि शहीद जुल्फिकार अली भुट्टो, जो मुल्क के लिए एक बड़ी उम्मीद थे, को एक क्रूर एवं षड्यंत्रकारी तानाशाह द्वारा इस दुनिया से खत्म कर दिया गया। आसिफा बेनजीर भुट्टो की सबसे छोटी संतान हैं और हाल ही में एक दूसरे कारण से चर्चा में थीं।उनके पिता आसिफ अली जरदारी और भाई बिलावल भुट्टो हाल में हुए चुनाव में सिंध से दो सीटों से चुनाव लड़े थे और दोनों सीटों पर जीत गए। उम्मीद है कि उनमें से एक सीट खाली होने के बाद आसिफा वहां से चुनाव लड़कर सांसद बनेंगी। यह एक अनूठी बात होगी कि जरदारी, बिलावल एवं आसिफा एकसाथ निचली सदन में उपस्थित होंगे। मुल्क के इतिहास में ऐसी कोई मिसाल नहीं है, जब कोई पिता और उनकी दो संतान एक ही समय में सांसद हों। आसिफा भुट्टो ने आगे कहा, 'शीर्ष अदालत के ताजा फैसले ने जुल्फिकार अली भुट्टो को सही साबित किया है। मैं शहीद मोहतरमा बेनजीर भुट्टो के लिए सिर्फ दुआ कर सकती हूं, जिन्होंने जीवन भर अपने पिता की बेगुनाही साबित करने के लिए अथक संघर्ष किया। चार दशकों के बाद आखिरकार न्याय की जीत हुई है।' जुल्फिकार भुट्टो की दूसरी नातिन फातिमा भुट्टो, जो प्रसिद्ध लेखिका है, ने कहा, 'यह पाकिस्तान के पहले लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित प्रधानमंत्री के खिलाफ किया गया ऐतिहासिक अन्याय था। हम अदालत के सर्वसम्मत फैसले का स्वागत करते हैं और दुआ करते हैं कि ऐसा अन्याय दोबारा कभी न दोहराया जाए।लेकिन वकील हसन ए नियाजी ने जो कहा, वह पाकिस्तान, सुप्रीम कोर्ट और नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण है- यह मानना कि जेडए भुट्टो को निष्पक्ष सुनवाई से वंचित रखा गया, एक स्वागतयोग्य निणय है, लेकिन जिन संरचनात्मक मुद्दों ने ऐसा घोर अन्याय होने दिया, वे पाकिस्तान की राजनीतिक और कानूनी व्यवस्था का हिस्सा बने हुए हैं। एक निदीष राजनेता को एक ताकतवर सैन्य तानाशाह और उससे प्रभावित अदालत ने फांसी पर लटका दिया। इसी वजह से प्रधान न्यायाधीश ईसा ने टिप्पणी की कि हमारे न्यायिक इतिहास में कुछ ऐसे मामले है, जिन्होंने लोगों को मन में यह धारणा बनाई है कि या तो भय या पक्षपात ने कानूनी ढंग से न्याय देने की प्रक्रिया को बाधित किया है। इसलिए हमें आत्म-जिम्मेदारी की भावना से, विनम्रता के साथ अपनी पिछली गलतियों का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए, और यह सुनिश्चित करने की हमारी प्रतिबद्धता के प्रमाण के रूप में कानून के प्रति अटूट निष्ठा के साथ न्याय दिया जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि जब तक हम अपनी पिछली गलतियों को स्वीकार नहीं करेंगे, तब तक खुद को सुधार नहीं सकते और न ही सही दिशा में आगे बढ़ सकते है।

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी का अंतिम लक्ष्य राहुल ने संविधान को फिर से लिखने के 'संघ परिवार' के छिपे इरादों पर साधा निशाना

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बीजेपी सांसद अनंत हेगड़े के बयान, 'संविधान को नए सिरे से लिखने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीजेपी-एनडीए को 400 सीटों की जरूरत है' पर अब सियासी बवाल मच गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा सांसद के बयान को पीएम नरेंद्र मोदी और 'संघ परिवार' के छिपे हुए मंसूबों का सार्वजनिक एलान बताया है बीजेपी सांसद अनंत हेगड़े के बयान संविधान को नए सिरे से लिखने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीजेपी-एनडीए को 400 सीटों की जरूरत है पर अब सियासी बवाल मच गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा सांसद के बयान को पीएम नरेंद्र मोदी और 'संघ परिवार' के छिपे हुए मंसूबों का सार्वजनिक एलान बताया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल ने एक्स पर ट्वीट करके कहा, ठभाजपा सांसद का बयान कि उन्हें 400 सीट संविधान बदलने के लिए चाहिए, नरेंद्र मोदी और उनके 'संघ परिवार' के छिपे हुए मंसूबों का सार्वजनिक एलान है। उन्होंने कहा, ठनरेंद्र मोदी और भाजपा का अंतिम लक्ष्य बाबा साहेब के संविधान को खत्म करना है। उन्हें न्याय, बराबरी, नागरिक अधिकार और लोकतंत्र से नफरत है। राहुल ने भाजपा सरकार पर मीडिया को गुलाम बनाने और आजादी पर पहरा लगाने का आरोप लगाते हुए कहा, ठसमाज को बांटना, मीडिया को गुलाम बनाना, अभिव्यक्ति की आजादी पर पहरा और स्वतंत्र संस्थाओं को पंगु बनाकर विपक्ष को मिटाने की साजिश से वो भारत के महान लोकतंत्र को संकीर्ण तानाशाही में बदलना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम आजादी के नायकों के सपनों के साथ ये षड्यंत्र सफल नहीं होने देंगे और अंतिम सांस तक संविधान से मिले लोकतांत्रिक अधिकारों की लड़ाई लड़ते रहेंगे। वायनाड से सांसद राहुल ने कहा, संविधान का हर सिपाही, विशेष रूप से दलित, आदिवासी, पिछड़े और अल्पसंख्यक जागें, अपनी आवाज उठाएं भारत आपके साथ है।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह एवं काव्य गोष्ठी संपन्न

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा।** अंकुर साहित्य परिवार द्वारा रविवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सम्मान



समारोह एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन नोएडा सेक्टर 29 स्थित नोएडा मीडिया क्लब के सेमिनार हॉल में संपन्न हुआ। बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित शारदा चतुर्वेदी, अध्यक्षा, भाजपा महिला मोर्चा, नोएडा महानगर ने सभी प्रतिभागी साहित्यकारों को अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया। डॉ अपर्णा प्रधान, नीलम हस्तीर, उषा मक्कड़ माणवी, सिम्मी सूद को अंकुर साहित्य शिरोमणि महिला सम्मान तथा एस के सूद पूजा ङ्कमातो श्रीङ्ग को अंकुर साहित्य श्रेष्ठ अवार्ड एवं सुनीता सोनू को श्रेष्ठ साहित्य संपादक सम्मान से नवाजा गया। चंद्र स्वरूप बिसारिया, डॉ सुनील शर्मा, कुंतल शर्मा रतूड़ी, तृप्ति सिंह, डॉ आर के पाठक मयंक, मीनाक्षी शर्मा, रश्मि किरण, कवि राज शर्मा टेरी को को काव्य गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। गाजियाबाद के डॉ. मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव 'शिखर' को साहित्यिक योगदान हेतु काव्य गौरव सम्मान तथा अंकुर काव्य शिरोमणि सम्मान कुल दो सम्मान मुख्य अतिथि के कर-कमलों द्वारा प्राप्त हुआ। धर्मपाल गांधी, तृप्ति सिंह तथा रश्मि अग्निहोत्री को अंकुर काव्य रत्न सम्मान से नवाजा गया। इस अवसर पर धर्मपाल गांधी जी की पुस्तक हिंद की क्रांतिकारी बेटियां, तृप्ति सिंह की पुस्तक नारी मन के भाव, रश्मि विपिन अग्निहोत्री की पुस्तक मुस्कराता पतझड़ तथा साझा संग्रह उर्जिता, रामराज्य पदार्पण एवं बज्म ए हिंद का विमोचन मुख्य अतिथि के कर कमलों द्वारा किया गया। धर्मपाल गांधी ने अपनी पुस्तक हिंद की क्रांतिकारी बेटियां पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। उक्त अवसर पर आयोजित काव्य पाठ में जितेंद्र अनजान ने अपनी कविता सारी जवानी शराफत में गुजार दी हमने, विजय लक्ष्मी विजय ने जब बेटियां बड़ी हो जाती हैं खुद को आईने में निहारने लगती हैं, कुंतल शर्मा रतूड़ी की कविता बंदिश न रहे न रहे कोई सांकल, रश्मि किरण की दर्द को जो बदले खुशी में, खुशियों को जो कर दे कई गुना, ऐसी होती हैं बेटियां सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। गुरुग्राम डॉ सुनील शर्मा की नारी प्रेरक कविता कब तक करती रहोगी गुहार, उषा मक्कड़ की अधूरे सपनों को पूरा करते चली मैं तेरी लाडली मैं तेरी लाडली, तृप्ति सिंह की रचना मैं नारी हूं अबला समझो या सबला तुम्हारी बुद्धि पर छोड़ दूंगी एवं न हो गुमनाम ये जीवन कुछ ऐसा काम कर जाएं, डॉ अपर्णा प्रधान की लाइनें स्त्री का आग से सहस्त्रों पुराना नाता है से भाव विभोर होकर दर्शकों ने खूब तालियां बजाईं। डॉ नीलम हस्तीर की रचना अभी न तुमको यकीन होगा अभी न मानोगे बात मेरी, एस के सूद पूजा की प्रस्तुति ऐ मानव मैं औरत हूं..फिर देख मेरी उड़ान, डॉ मिथिलेश कुमार श्रीवास्तव शिखर ने दो रचनाएं मेरे राम चले आना एवं मेरे राम आ गए हैं सुनाई तो सुनीता सोनू ने ईश्वर से मिली दुनिया, को नारी सौगात आदि दोहों के माध्यम से नारी महिमा का गुणगान किया। डॉ आर के पाठक मयंक ने नारी बिना है सृष्टि अधूरी, नारी की गरिमा पहचानें, सिम्मी सूद ने जिसका सबको था इंतजार शुभ घड़ी आज वो आई एवं मेरी मां मेरी शान, चंद्र स्वरूप बिसारिया सीता हर मन के अंदर है एवं मेरी हसरत कभी उसके तूं काबिल हो नहीं पाई तथा गज़ल मुहब्बत के वो दीवानों हमारे साथ आ जाओ सुनाकर शमां बांधा। मुख्य अतिथि को भी मुख्य संपादक निर्मेष त्यागी वत्स द्वारा अंकुर साहित्य परिवार की ओर से स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। उक्त विशाल कार्यक्रम के संयोजन में अंकुर परिवार के मुख्य आयोजक निर्मेश त्यागी वत्स, संयोजक सुनीता सोनू, आयोजक रचना जैन रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में रोहित मिश्र यादवेन्द्र आर्य एवं मनीष जैन मौजी ने सफलतम प्रयास किए। कार्यक्रम का संचालन विषयगत उद्धरणों, कविताओं, कहानियों एवं प्रसंगों के माध्यम से राजदीप सिंह ने करके शमां को बनाया एवं श्रोताओं को बांधे रखा।

# ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शाखा ओबरा से महाशिवरात्रि अवसर पर निकाली गयी चैतन्य झांकी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** मानव जीवन को नर्क बनाने वाले पांच मनोविकारों काम,क्रोध, लोभ,मोह और अहंकार ही अधर्म ,अज्ञानता और अधोगति के मूल कारण हैं जिससे सर्वत्र दुख और अशांति फैली हुई है। महाशिवरात्रि का पावन पर्व ज्योतिबिंदुस्वरूप परमात्मा शिव के दिव्य रूप से अवतरित होकर इस धरा से अधर्म का नाश कर आदि सनातन दैवी सतयुगी धर्म की



पुनर्स्थापना करने का पवन यादगार पर्व है। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय शाखा ओबरा के द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर पर निकाली गई चैतन्य झांकी के माध्यम से नगरवासियों को उपयुक्त संदेश दिया गया। वाहन पर परमात्मा शिव की श्रेष्ठता और महानता को दर्शाने के लिए आकर्षक चैतन्य झांकी सजाई गई थी। शिव और शंकर में आध्यात्मिक दृष्टि में अंतर है। परमात्मा शिव सृष्टि के रचयिता है और शंकर सूक्ष्म शरीरधारी रचना हैं। रामचंद्र जी ने लंका पर विजय प्राप्त करने के लिए सृष्टि के रचयिता परमात्मा शिव की आराधना किया था तथा ज्योर्तिलिंग स्थापित किया था जिसे रामेश्वरम कहते हैं। जनपद के विभिन्न भागों से संस्था से जुड़े हुए श्वेत वस्त्र धारी ब्रह्माकुमारी संस्था के सदस्य लोगों को परमात्मा शिव के ईश्वरीय ज्ञान को जीवन में धारण कर सुख शांति प्राप्त कर एक नए स्वर्णिम भारत की पुनर्स्थापना के लिए योगदान देकर अपना श्रेष्ठ भाग्य बनाने के लिए ईश्वरीय संदेश दे रहे थे। वर्तमान समय में परमात्मा शिव इस धरा पर एक मानवीय माध्यम का आधार लेकर दिव्य सृष्टि महा परिवर्तन का दिव्य कर्तव्य कर रहे हैं। डॉ0श्रीमति चारु द्विवेदी ,पुलिस उपाधीक्षक,ओबरा तथा बी0के0 सुमन बहन ने हरी झंडी दिखाकर इस शिव चैतन्य झांकी को रवाना किया। श्रीमति चांदनी देवी, चेयरमेन नगर पालिका, ओबरा एवं भूतपूर्व चेयरमैन श्री रमेश यादव ने शिवरात्रि शोभायात्रा का स्वागत किया तथा आध्यात्मिक संदेश को जन-जन पहुंचाकर सर्व का कल्याण करने का संकल्प लिया। शोभा यात्रा का स्वागत हनुमान मंदिर चौराहा पर रमेश अग्रवाल जी ने जलपान ,मेंन मार्केट में अमृतलाल किराना स्टोर के अशोक भाई ने फल वितरण तथा अंबेडकर स्टेडियम के पास सेक्टर 8 मे डंगर प्रसाद गुप्ता जी ने सूक्ष्म जलपान,तथा इंजीनियर बृज किशोर मिश्रा जी ने सेक्टर-3,में जूस वितरण कर भक्त जनों का स्वागत किया। इस महाशिवरात्रि शोभायात्रा संस्था की सोनभद्र सेवाकेंद्र की मुख्य संचालिका बी0के0 सुमन बहन के निर्देशन में निकाली गई। नगर भ्रमण करके अध्यात्मिक संदेश देते हुए शोभायात्रा महेन्द्रा होटल के बगल में स्थित ब्रह्माकुमारी उपसेवाकेंद्र पर समाप्त हुई। उपसेवाकेंद्र पर निशुल्क राजयोग प्रशिक्षण के लिए सुबह और शाम को संपर्क कर सकते हैं। रैली को सफल बनाने में बी0के0 प्रतिभा बहन, सरोज बहन,सीता बहन, कविता बहन, दीपशिखा बहन,डॉ 0बी0के0हरींद्र भाई,रामदुलारे भाई, भानू भाई मोहन भाई मनोरमा बहन, नितु बहन, राजीव भाई, अशोक भाई ने सक्रिय योगदान दिया।

# संस्कृति मंत्रालय द्वारा अयोध्या में आयोजित कार्यक्रम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**घोरावल, सोनभद्र।** बेसिक शिक्षा परिषद के नवाचारी गणित शिक्षक दीनबन्धु त्रिपाठी जो एक कुशल मंच संचालक के रूप में जाने जाते हैं,को सम्मानित किया गया। संस्कृति विभाग व पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश शासन व संत कबीर अकादमी द्वारा भगवान राम के भव्य नव्य मंदिर में प्रतिष्ठित होने के बाद अयोध्या में रामोत्सव 2024 साहित्य संस्कृति मंच कार्यक्रम दिनांक 14जनवरी से लगातार चल रहा है,जिसमें कला संस्कृति, गणित से जुडे लोगों को मंच प्रदान कर अन्त्योदय की भावन को बल प्रदान किया जा रहा है।उसी के क्रम में संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश शासन



ने शिक्षकों के स्वतः स्फूर्त टेक्नोसेवी समूह एडूलीडर्स के जनपद एडमिन्स को बुलाकर गुरु वशिष्ठ के राम संगोष्ठी में प्रदेश के सभी पचहत्तर जनपदों के शिक्षकों को सम्मानित किया। बतातें चले कि शिक्षक दीनबन्धु त्रिपाठी गणित के नवाचारी शिक्षक हैं और साहित्यिक विधाओं से जुडे हुए हैं,इन्हें इसके पूर्व भी ढेर सारे राज्यस्तरीय पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं। उनकी इस उपलब्धि व सोनभद्र की बात से को गुरू वशिष्ठ के राम संगोष्ठी में पहुंचाने पर बीएसए नवीन कुमार पाठक,एबीएसए अशोक कुमार सिंह ,शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधियों व शिक्षकों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी है।

# छात्राओं को वितरित किए गए स्मार्टफोन खिले चेहरे

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** एतदद्वारा सूच्य हो कि रविवार को स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के तहत महाविद्यालय की छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद रामसकल एवं प्राचार्य डॉ0 वन्दना के द्वारा माँ सरस्वती का माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुआ मुख्य अतिथि ने कहा कि स्मार्टफोन आज के युवाओं की जरूरत है क्योंकि आज छात्राएँ शिक्षा एवं तकनीकि ज्ञान को स्मार्ट फोन की मदद से अपने ज्ञान का विकास कर सकती हैं। प्राचार्य डॉ0 वन्दना ने कहा कि छात्राएँ अपने विषय से सम्बन्धित विभिन्न लेखकों की किताबें स्मार्टफोन के माध्यम से पढ़ सकती हैं आज आनलाइन अध्ययन करके स्वयं अपना दीपक बन सकती हैं एवं तकनीकि ज्ञान को निखार सकती हैं कार्यक्रम का मंच संचालन कर रहे नोडल अधिकारी डॉ0 गिरीश कुमार 'ख्वाब' ने कहा कि स्मार्टफोन योजजजना का मुख्य उद्देश्य छात्रों में तकनीकि ज्ञान का विकास करना है ताकि युवा नई तकनीकि के जानकार बन सके इस अवसर पर डॉ0 दिलीप कुमार सिंह, डॉ0 प्रभात कुमार पाण्डेय, रवीन्द्र यादव, मंजूषा राय, विकास कुमार, सुरेश कुमार जायसवाल एवं आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा के खिलाफ आई एन डी आई की एकजुटता के विमर्श को ममता ने किया ध्वस्त

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** विपक्षी एकजुटता की मुखर पैरोकारी करती रहीं तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल की सभी 42 लोकसभा सीटों



पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर आइएनडीआइए गठबंधन की अगुआई कर रही कांग्रेस को बड़ा झटका दिया है। ममता के इस फैसले से साफ हो गया है कि भले ही वे बिहार में नीतीश कुमार की तरह आइएनडीआइए गठबंधन से अलग नहीं हुई हैं मगर बंगाल से लेकर असम तक वे कांग्रेस के खिलाफ भी अपने उम्मीदवार उतारेंगी।ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल की सभी 42 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर आइएनडीआइए गठबंधन की अगुआई कर रही कांग्रेस को बड़ा झटका दिया है।टीएमसी के इस कदम के बाद बंगाल में अब कांग्रेस और वामदलों के पास मिलकर चुनाव लड़ने के सिवाय अन्य विकल्प नजर नहीं आ रहा है। इतना ही नहीं दीदी ने कांग्रेस की सिरदर्दी इस घोषणा के साथ और बढ़ा दी है बंगाल के बाहर असम और मेघालय जैसे पूर्वोत्तर राज्यों की कुछ सीटों पर तृणमूल के चुनाव लड़ने की घोषणा कर दीदी ने यह साफ भी कर दिया। टीएमसी के इस कदम के बाद बंगाल में अब कांग्रेस और वामदलों के पास मिलकर चुनाव लड़ने के सिवाय अन्य विकल्प नजर नहीं आ रहा है। तृणमूल के इस फैसले से आइएनडीआइए गठबंधन को झटका लगने का संकेत ममता की उम्मीदवारों की घोषणा पर सामने आयी प्रतिक्रिया से भी मिलता है टीएमसी उम्मीदवारों के एलान के तत्काल बाद कांग्रेस के संचार महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि हम मिलकर चुनाव लड़ने की मजबूत हिमायत करते रहे हैं।

# प्रबुद्ध वर्ग समारोह में संपर्क अभियान के तहत घर घर जनसंपर्क कर रहे हैः नंदलाल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** रविवार को भारतीय जनता पार्टी की आगामी लोकसभा चुनाव के निमित्त विकसित भारत कोहोर्ट मिलन समारोह का कार्यक्रम



भाजपा जिला कार्यालय राबर्ट्सगंज पर सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम मे बतौर मुख्यअतिथि मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद रामशकल व विशिष्ठ अतिथि जिला प्रभारी अनिल सिंह , रुबी प्रसाद मौजूद रही। बैठक का शुभारंम्भ पं0 दीनदयाल उपाध्याय व डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल व संचालन जिला उपाध्यक्ष/कार्यक्रम संयोजक ओमप्रकाश दूबे ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि रामशकल ने कहा कि विकसित भारत कोहोर्ट मिलन समारोह मे आये हुए सभी चिकित्सक, शिक्षक, सीए, व्यवसाई, उद्योगपति पत्रकार बन्धुओं के साथ पहले की सरकारो ने लगातार पक्षपात किया और विकास की मुख्यधारा से दूर रखा जब से देश में भाजपा की सरकार बनी है, सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी प्रकार की लाभकारी योजनाओ को आप तक पहुंचाने का कार्य किया गया है। आप सबके अपार प्रेम से एक बार फिर से केन्द्र मे भाजपा की सरकार बनने जा रही है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने जनहित मे जितने भी वादे किए है वो गारण्टी के साथ पूरे हो रहे है। सुशासन की सरकार बनाने मे आप सबका महत्वपूर्ण योगदान रहता है, आने वाले लोकसभा चुनाव मे आप सभी से आग्रह है कि पुनः एक बार मोदी जी के नेतृत्व मे भाजपा की सरकार बनाने मे अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। विशिष्ठ अतिथि अनिल सिंह ने कहा कि जबसे देश मे भाजपा की सरकार बनी है सरकार द्वारा आम जनमानस के हित के लिए सैकडो योजनाएं चलाई जा रही है जिसका सीधा लाभ पंक्ति मे खडे अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है, इसलिए नरेन्द्र मोदी जी के उपर आम जनमानस का भरोसा व विश्वास बढ रहा है आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रचण्ड बहुमत के साथ मोदी जी पुनः देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल ने आगे की गतिविधियों को साझा करते हुए बताया कि आप सभी प्रबुद्धजन जो इस कार्यक्रम मे उपस्थित है आपसभी लोगो से आग्रह है कि अपने अपने कार्यक्षेत्र की ओर से कोई भी सुझाव हो जो संकल्प पत्र मे शामिल किया जा सके उसको कार्यक्रम मे रखे सुझाव पेटिका मे लिखकर डालने का कष्ट करें इसी तरह से सभाओं के जरीए जनता से सुझाव एकत्रित किए जा रहे है, भाजपा कार्यकर्ता लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत घर घर जनसंपर्क कर रहे है और लोगो से सुझाव पत्र भी ले रहे है भारतीय जनता पार्टी हमेशा से जनजुड़ाव जनसंवाद और जनता से सतत् संपर्क पर विश्वास रखती है और इसलिए हमारा नारा है सबका साथ सबका विकास सबका प्रयास व सबका विश्वास जिसके लिए जनता से संवाद आगे बढ़ाने और जनता के सुझाव एकत्रित करने के हर एक माध्यम को भाजपा ने इस अभियान मे शामिल किया है जिसके अंतर्गत कोहोर्ट मिलन घर घर जनसंपर्क प्रकोष्ठों के कार्यक्रम, नमो एप्प के माध्यम से अपने सुझाव आप सीधे प्रेषित कर सकते है आये हुए सभी अतिथियों व कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद किया। कार्यक्रम मे मुख्यरुप से लोकसभा संयोजक अमरेश पटेल, जिला महामंत्री कृष्णमुरारी गुप्ता, रामसुन्दर निषाद, जिला उपाध्यक्ष उदयनाथ मौर्या, बार एसोशियन के पूर्व अध्यक्ष विनोद चौबे, संत किनाराम के प्रबंन्धक गोपाल सिंह, व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष राजेश गुप्ता, व्यापार प्रतिनिध मण्डल महामंत्री विमल अग्रवाल, सीए धिरेन्द्र अग्रहरी, राइस मिलर के अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, व्यवसाई कमलेश खाम्भे, वरिष्ठ पत्रकार चन्द्रकांत पाण्डेय, विवेक पाण्डेय, प्रसन्न पटेल, प्रमोद गुप्ता, नगर अध्यक्ष बलराम सोनी सहित आदि प्रबुद्धवर्ग व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाई गई सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज स्थित आरएसएम इंटर कॉलेज में रविवार को सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने गोष्ठी के माध्यम से लोगो को बताया कि इवे एक कवयित्री, महान समाज सुधारक और भारत की पहली महिला शिक्षिका थीं। उनका जन्म महाराष्ट्र के एक किसान परिवार में 3 जनवरी 1831 को हुआ था। सावित्रीबाई फुले के पिता का नाम खंडोजी नेवसे और माता का नाम लक्ष्मीबाई था। उन्होंने महात्मा ज्योतिबा फुले के साथ मिलकर सन् 1848 में बालिकाओं के लिए एक विद्यालय की स्थापना की उनके पति ज्योतिबा भी समाजसेवी थे। सन् 1840 में मात्र 9 वर्ष की उम्र में सावित्रीबाई फुले का विवाह 12 वर्ष के ज्योतिराव फुले के साथ हुआ, वे बहुत बुद्धिमान, क्रांतिकारी, भारतीय विचारक, समाजसेवी, लेखक एवं महान दार्शनिक थे। उन्होंने अपना अध्ययन मराठी भाषा में किया था। महिला अधिकार के लिए संघर्ष करके सावित्रीबाई ने जहां विधवाओं के लिए एक केंद्र की स्थापना की, वहीं उनके पुनर्विवाह को लेकर भी प्रोत्साहित किया। उस समय जब लड़कियों की शिक्षा



पर सामाजिक पाबंदी बनी हुई थी, तब सावित्रीबाई और ज्योतिराव ने वर्ष 1848 मात्र 9 विद्यार्थियों को लेकर एक स्कूल की शुरुआत की थी। सावित्रीबाई और ज्योतिराव फुले की कोई संतान नहीं हुई। अतः उन्होंने एक ब्राह्मण विधवा के पुत्र यशवंत राव को गोद लिया था, जिसका उनके परिवार में काफी विरोध हुआ तब उन्होंने परिवार वालों से अपने सभी संबंध समाप्त कर लिया। उस जमाने में गांवों में कुंए पर पानी लेने के लिए दलितों और नीच जाति के लोगों का जाना उचित नहीं माना जाता था, यह बात उन्हें बहुत परेशान करती थी, अतः उन्होंने दलितों के लिए एक कुंए का निर्माण किया, ताकि वे लोग आसानी से पानी ले सकें। उनके इस कार्य का खूब विरोध भी हुआ, लेकिन सावित्रीबाई ने अछूतों के अधिकारों के लिए संघर्ष करने का अपना कार्य जारी रखा। फुले दंपति को महिला शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए सन् 1852 में तत्कालीन ब्रिटिश सरकार ने सम्मानित किया था, सावित्रीबाई के सम्मान में डाक टिकट तथा केंद्र और महाराष्ट्र सरकार ने उनकी स्मृति में कई पुरस्कारों की स्थापना की है। सावित्रीबाई फुले भारत की ऐसी पहली महिला शिक्षिका थीं, जिन्हें दलित लड़कियों को पढ़ाने पर लोगों द्वारा फेकें गए पत्थर और कीचड़ का सामना करना पड़ा। ऐसी महान हस्त?ी सावित्रीबाई फुले का पुणे में लोगों का प्लेग के दौरान इलाज करते समय वे स्वयं भी प्लेग से पीड़ित हो गईं और उसी दौरान 10 मार्च 1897 को उनका निधन हो गया।इस दौरान राजा शारदा में इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर बृजेश सिंह , संदीप सिंह ,आलोक रावत, गप्पू जायसवाल, अमित कनौजिया, दीपचंद भारती, संजय सोनकर, अजय कुमार पासवान, राम अवध भारती, संजय कुमार अजय रावत आदि लोग मौजूद रहे।

# नोएडा महानगर के वरिष्ठ सपा नेता नीरज शर्मा व सतपाल यादव समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव बनाए गए

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा।** समाजवादी पार्टी नोएडा महानगर के वरिष्ठ नेता नीरज शर्मा व सतपाल यादव को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की सहमति से सपा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव द्वारा राष्ट्रीय सचिव बनाया गया। राष्ट्रीय सचिव बनाए जाने पर सपा नोएडा महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता द्वारा महानगर संगठन की ओर से उनको हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी गई। डॉक्टर आश्रय गुप्ता ने कहा कि इससे समाजवादी पार्टी और मजबूत होगी और आने वाले लोकसभा चुनाव में हम भारी अंतर से जीतने जा रहे हैं।

# जी एल बीआईएमआर में एक दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा ।** ग्रेटर नॉएडा स्थित जीएलबीआईएमआर में एक दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम का




आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज के पूर्व छात्रों ने भाग लेकर अध्यापको से अपने अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम में मुख्य अथिति और संस्थान के वाइस चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने पूर्व छात्रों को कृतज्ञता के प्रतीक के रूप में स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और सभी को भविष्य के लिए शुभकामनायें दीं। इसके बाद कार्यक्रम की शुरुआत विभाग की निदेशक डॉ. सपना राकेश के सशक्त संबोधन के साथ हुई। डॉद सपना राकेश ने पूर्व छात्रों के साथ उनके विचार और जीवन यात्रा पर गहन अंतर्दृष्टि साझा की। सत्र में छात्रों ने ईटीएल की दुनिया की खोज पर चर्चा करते हुए विभिनन क्षेत्रों के अपने अनुभवों से अवगत कराया। टीम सहयोग के पूर्व छात्रों ने एक परिवर्तनकारी सत्र कक्षा से क्यूबिकल्स का भी आयोजन किया। अंत में एक प्रशन्ओत्तर सत्र में प्रथम वर्ष के छात्रों ने पूर्व छात्रों से अपनी जिज्ञासा से भरे सवाल पूछे। कार्यक्रम के बाद क्रिकेट का एक मैत्री मैच खेला गया जिसे फैकल्टी इलेवन ने जीता। इस दौरान सभी अध्यापक गण और छात्र मौजूद रहे।

# दृश्यम २' के नक्शे-कदम पर अजय देवगन की 'शैतान', ओपनिंग वीकेंड पर बिजनेस ने छुआ आसमान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अजय देवगन की फिल्म 'शैतान' बॉक्स ऑफिस पर हावी का बिजनेस इतनी तेजी से आगे बढ़ा की कलेक्शन ने हाफ सेंचुरी पूरी कर ली। 2024 में बॉक्स का कलेक्शन में रविवार को भी आगे बढ़ा। शैतान' ने जंप लगाते हुए 10 मार्च को 20 करोड़ के करीब का



होने लगी है। फिल्म ने महज तीन दिनों में अपना दम दिखा दिया। 'शैतान' की स्पीड देखकर इसकी तुलना अजय देवगन की फिल्म दृश्यम 2 से किया जा रहा है। 2024 में बॉक्स ऑफिस पर अब कई फिल्म रिलीज हो चुकी हैं। इनमें कुछ कब आईं और कब गई पता भी नहीं चला। वहीं अब हाल ही में अजय देवगन की शैतान रिलीज हुई है जिसने आते ही शानदार बिजनेस की शुरुआत की। फिल्म को रिलीज हुए अभी तीन दिन ही हुए हैं लेकिन कलेक्शन इम्प्रेस करने वाला है। शैतान' एक हॉरर फिल्म है, जिसकी कहानी दर्शकों को काफी पसंद आ रही है। वीकेंड पर फिल्म ऑफिस पर कोई भी फिल्म अब तक धमाल नहीं कर पाई है। ऋतिक रोशन की 'फाइटर' से लेकर शाहिद कपूर की 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' तक, कई हिंदी फिल्में अपनी किस्मत आजमा चुकी हैं, लेकिन शानदार बिजनेस कोई नहीं कर पाया। ऐसे में अब 'शैतान' अच्छे बिजनेस की उम्मीद जगा रही है।'शैतान' के ओपनिंग कलेक्शन की बात करें, तो सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, शुरुआत ठीक-ठाक रही थी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर खाता 14.75 करोड़ के साथ खोला था। वहीं, दूसरे दिन बिजनेस में उछाल आया और कमाई 18.75 करोड़ तक पहुंच गई। फिल्म बिजनेस कर लिया। हालांकि, ये अभी शुरुआती आंकड़े हैं, इनमें फेरबदल संभव है। फिल्म ओपनिंग वीकेंड पर अपना दम दिखाने से बिल्कुल भी पीछे नहीं हटी। रिलीज के तीन दिनों में 'शैतान' ने डोमेस्टिक बॉक्स ऑफिस पर लगभग 53.50 करोड़ का नेट बिजनेस कर लिया है। दृश्यम 2' से 'शैतान' के ओपनिंग वीकेंड की तुलना करें, तो ये थोड़ी पीछे है। 'दृश्यम 2' ने पहला वीकेंड खत्म होते- होते 64 करोड़ के करीब बिजनेस कर लिया था। 'शैतान' अभी भले थोड़ी पीछे है, लेकिन स्पीड दृश्यम वाली ही है, क्योंकि बिना फेस्टिवल और लॉन्ग वीकेंड के भी 'शैतान' ने इतनी जल्दी 50 करोड़ क्लब में एंट्री कर ली है।

# बेबी के जेंडर का खुलासा करेंगी अनन्या पांडे की बहन अनन्या पांडे फोटो शेयर कर बताया पूरा प्लान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस अनन्या पांडे की कजिन बहन अलाना पांडे ने फरवरी में खुलासा किया था कि शेयर की है जिसमें वह अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। अलाना पांडे ने रविवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ फोटोज अपना बेबी बंप शो करती नजर आई थी। इस वीडियो के कैप्शन में लिखा था, हम आपसे पहले से ही बहुत प्यार करते हैं, हम आपसे मिलने के



वह जल्द मां बनने वाली हैं। बीते मार्च में अलाना ने अपने विदेशी ब्वॉयफ्रेंड इवोर मैकक्रे से शादी की थी। वही अब ये कपल पेरेंट्स बनने जा रहा है। अब अलाना ने फैंस के साथ एक और गुड न्यूज शेयर की है, जिसे सुन फैंस काफी खुश हैं। अलाना पांडे ने फरवरी में खुलासा किया था कि वह जल्द मां बनने वाली हैं। अब अलाना ने फैंस के साथ एक और गुड न्यूज शेयर की है जिसे सुन फैंस काफी खुश हैं। अलाना पांडे ने रविवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ फोटोज शेयर की है, जिसमें वह अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। तस्वीरों ने अलाना के चेहरे पर प्रेगनेंसी ग्लो साफ नजर आ रहा है। इसी के साथ होने वाले बेबी के जेंडर और अपनी बेबी शावर को लेकर फैंस के साथ प्लान शेयर किया है। फोटोज के कैप्शन में लिखा- जेंडर का खुलासा, गोद भराई और बेबी मून सभी एक ही महीने में। योजना बनाने से थोड़ा अभिभूत हूं लेकिन बहुत एक्साइटेड भी हूं। अलाना पांडे ने पति इवोर मैकक्रे के साथ एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह लिए इंतजार नहीं कर सकते। अनन्या पांडे ने जब अपनी बहन के मां बनने की खबर सुनी थी तो वह खुशी से झूम उठी थी, जिसकी एक झलक सोशल मीडिया पर अलाना ने शेयर की थी। अनन्या पांडे बहन अलाना से वीडियो कॉल पर बात करती हैं। इस कॉलिंग पर अलाना बताती हैं कि वे मां बनने वाली हैं यह खबर सुन अनन्या चीख पड़ती हैं। वहीं अलाना उन्हें बताती हैं कि वे आंटी बनने वाली हैं। इसपर अनन्या कहती हैं नहीं आंटी मत बुलाना, मौसी ठीक है। मैं मौसी बनने वाली हूं।

# मैं हूं ना का ऑडिशन देने कुछ इस अंदाज में पहुंची थी राखी सावंत फराह खान बोलीं

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** साल 2004 में आई शाह रुख खान, सुष्मिता सेन और मूवी से राखी सावंत ने भी बॉलीवुड में कदम रखा था। फराह खान बॉलीवुड की जानी मानी डायरेक्टर





अमृता राव स्टारर फिल्म 'मैं हूं ना' तो हर किसी को याद होगी। यह फिल्म आज भी कई लोगों की पसंदीदा फिल्मों में से एक है। इस हैं। उन्होंने कई हिट फिल्मों का निर्देशन किया है जिसमें मैं हूं ना भी शामिल है। इस फिल्म में शाह रुख खान समेत कई स्टार्स नजर आए थे। साथ ही यह राखी सावंत की भी डेब्यू फिल्म थी। अब फराह खान ने एक इंटरव्यू में इस फिल्म का राखी से जुड़ा एक मजेदार किस्सा शेयर किया है अब एक इंटरव्यू में फराह खान ने 'मैं हूं ना' राखी सावंत और उनके किरदार को लेकर काफी बातें शेयर की हैं। फराह ने बताया कि राखी ने शूटिंग शुरू होने के दो दिन बाद ज्वाइन किया था। साथ ही उनका 'मिनी' का किरदार पहले कोई और निभाने वाला था। फराह खान ने हाल ही में मुकेश छाबड़ा के साथ बातचीत के दौरान फिल्म 'मैं हूं ना' से राखी सावंत का एक मजेदार किस्सा शेयर किया। फराह ने बताया कि जब राखी सावंत ने ऑडिशन दिया तो कैमरा हिल गया।

# बिना कपड़े पहने ऑस्कर के मंच पर पहुंचे जॉन सीना न्यूड होकर प्रेजेंट किया अवॉर्ड

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**ऑस्कर कहा जाने वाला एकेडमी अवॉर्ड्स एक ऐसा फिल्म का ये अवतार देख शॉक रह गए। ऑस्कर 2024 में के रेस्टलर और अभिनेता जॉन सीना (व्दफ्ह आएगा। वह सभी को पहले ही आगाह कर देते हैं कि कोई बिना कपड़ों के अवॉर्ड प्रेजेंट करने आने



पुरस्कार समारोह है जो सिर्फ विजेताओं नहीं बल्कि कई वजहों से चर्चा में रहता है। थप्पड़ मारने वाला इंसिडेंट हो या फिर सेल्फी, ऑस्कर अवॉर्ड्स में कई अतरंगी चीजें लोगों का ध्यान खींचती हैं। 96वें एकेडमी अवॉर्ड्स में भी कुछ ऐसा ही हुआ है। में रेस्टलर और हॉलीवुड एक्टर व्दफ्ह णर्ही ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। अभिनेता बिना कपड़ों के अवॉर्ड देने मंच पर पहुंचे जिसे देख हर कोई हैरान रह गया। जॉन सीना का एक वीडियो भी सामने आया है जो इंटरनेट पर जमकर वायरल हो रहा है। ऑस्कर में जॉन सीना णर्ही) ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। ऑस्कर अवॉर्ड्स के मंच पर जॉन सीना फिल्म पीके में आमिर खान की तरह बिना कपड़ों में नजर आए, जो समारोह का सबसे बड़ा हाइलाइट रहा। दरअसल, जॉन सीना ने 2024 के ऑस्कर में कॉस्ट्यूम डिजाइन के लिए अवॉर्ड प्रेजेंट करने मिनिमल कपड़ों में पहुंचे। मंच पर आने से पहले जिमी किमेल ने एक पुराना इतिहास याद किया, जब अवॉर्ड प्रेजेंट करने के बीच एक न्यूड आदमी मंच पर दौड़ने लगता है। जिमी ऑडियंस से कहते हैं कि क्या उन्हें लगता है कि आज कोई ऐसा शख्स वाला है। जॉन सीना बिना कपड़ों के मंच पर आने से डरते हैं। वह मंच के पीछे से जिमी को आवाज लगाते हैं। वह कहते हैं कि वह न्यूड होकर नहीं जा सकते हैं। जिमी उन्हें मनाते हैं। फिर जॉन सीना माने और खुद को बेस्ट कॉस्ट्यूम वाले लिफाफे से प्राइवेट पार्ट को ढका और विनर की अनाउंसमेंट करने मंच पर आए। जॉन सीना को इस तरह देख सभी लोग ढहाके मारकर हंसने लगा। आखिर में जॉन सीना को एक पर्दे से ढक दिया गया। उनका यह वीडियो जमकर वायरल हो रहा है।

# रेड कार्पेट पर गिरीं लीजा कोशी कैमरे के सामने ऐसे किया हैंडल, बोलीं- 'मैंने बीमा करवाया है'

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** आखिरकार 96वां अकादमी पुरस्कार शुरू हो गया है। दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित अवॉर्ड समारोह में अकादमी पुरस्कार को उन्होंने बहुत अच्छे से संभाला। इस बार अकादमी पुरस्कार यानी ऑस्कर में विनर अनाउंसमेंट से पहले सभी सितारों ने रेड कार्पेट पर अपना जलवा बिखेरा। इसी बीच ने खड़े होकर मजाक करके इस चीज को टालने की कोशिश की। उन्होंने मजाक में कहा, ठवहां एक मैनहोल था। आप सभी ने उसे देखा?ठ जब किसी ने उनसे पूछा





सबसे टॉप पर आता है। हॉलीवुड हो या फिर बॉलीवुड, हर एक सितारा यह खिताब पाने का ख्वाब देखता है। इस साल कई सितारों का ये ख्वाब पूरा होने जा रहा है। प्रतिष्ठित अवॉर्ड समारोह में आज विजेताओं की अनाउंसमेंट की जा रही है। हॉलीवुड सितारों ने रेड कार्पेट पर अपना ग्लैमर बिखेरने में कोई कमी नहीं छोड़ी। हालांकि एक अभिनेत्री के साथ ऑस्कर नाइट में एक छोटी सी घटना हो गई। जानी-मानी अभिनेत्री ने लीजा कोशी रेड कार्पेट पर गिर गईं। इस चीज एक एक्ट्रेस रेड कार्पेट पर गिर गई। 27 साल की लीजा कोशी ने रेड कार्पेट पर गिरने के बाद जिस तरह खुद को संभाला, वो काबिल-ए-तारीफ रहा। लीजा कोशी ने अपनी कातिलाना अदाओं से रेड कार्पेट पर जलवा बिखेरा। वह रेड कलर का लॉन्ग ऑफ-शोल्डर गाउन पहनकर रेड कार्पेट पर पहुंचीं। जब वह पोज देने के लिए आगे आईं, तभी उनका पैर फिसल गया और वह जमीन पर गिर गईं। हालांकि, अभिनेत्री ने इस चीज को बहुत अच्छी तरह से हैंडल किया। लीजा कि क्या वह ठीक हैं तो उन्होंने कहा, ठमैं ठीक हूं। मैंने अपनी एडि़यों का बीमा करवाया है, इसलिए यह ठीक है। यह राइट-ऑफ है। बाद में लीजा ने एक मीडिया पर्सनैलिटी के साथ बातचीत में भी इस चीज का जिक्र किया। उन्होंने मजाक में कहा कि वह ऑस्कर में आने के लिए इतना एक्साइटेड हो गई थीं कि रेड कार्पेट पर गिर गई थीं। बता दें कि लीजा एक जानी-मानी एक्ट्रेस होने के साथ-साथ यूट्यूबर भी हैं। उन्हें नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई फिल्म प्लेयर्स से पॉपुलैरिटी मिली है।

# पटना शुक्ला का दमदार टीजर हुआ रिलीज, वकील के मजबूत किरदार में नजर आई रवीना टंडन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की मस्त-मस्त गर्ल रवीना टंडन हाल ही में वेब ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर टीजर शेयर किया और ट्रेलर के तारीख का भी खुलासा किया ।



सीरीज 'कर्मा कॉलिंग' में नजर आई थी, जिसमें एक्ट्रेस ने इंद्राणी कोठारी का किरदार निभाया था। दर्शकों को उनका इंद्राणी बेहद पसंद आया था।रविवार को रवीना टंडन की फिल्म पटना शुक्ला का टीजर रिलीज हुआ है । डिजनी हॉटस्टार ने अपने फिल्म में रवीना वकील के किरदार में नजर आ रही है। टीजर में रवीना एक के बाद एक दमदार डायलॉग बोलती है। वहीं अब एक्ट्रेस एक बार फिर दर्शकों के दिलों पर छाने वाली हैं। रविवार को रवीना टंडन की फिल्म पटना शुक्ला का टीजर रिलीज हुआ है। रविवार रात डिजनी हॉटस्टार ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर 'पटना शुक्ला' का टीजर शेयर किया है। इस टीजर वीडियो की शुरुआत रवीना टंडन के कोर्ट वाले सीन के साथ होती है, जिसमें एक्ट्रेस कहती है- दुनिया के अंधेरे में सूरज मैं अपना हूं, मैं पटना हूं। घर के कटघरे में खड़ा होना है। समाज की हथकड़ी का ताला तोड़ना है। इसके बाद पूरे टीजर में रवीना एक के बाद एक दमदार डायलॉग बोलती है। इस वीडियो के साथ कैप्शन में बताया गया है कि फिल्म का ट्रेलर कल यानी 11 मार्च को रिलीज होने वाला है। इस टीजर में सतीश कौशिक की भी झलक देखने को मिली है। एक्टर की झलक के उनके फैंस एक बार फिर खुश हो गए हैं। फिल्म की कहानी की बात करें तो ये एक आम महिला की कहानी है जो अपनी असामान्य लड़ाई बड़े ही धैर्य के साथ लड़ती है। इस सोशल ड्रामा फिल्म की कहानी इसी शहर के इर्द गिर्द घूमती है।

# ऑस्कर पाकर फूट-फूटकर रोईं डवाइन कहा- 'सोचा नहीं था एक्टिंग को करियर बनाऊंगी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह एकेडमी अवॉर्ड्स यानी की ऑस्कर में विनर्स की अनाउंसमेंट हॉलीवुड सिंगर बनने आई थीं। ऑस्कर अवॉर्ड पाकर डवाइन इमोशनल हो गईं और स्टेज पर उन्होंने एक दिल छू लेने वाली स्पीच



हो गई है। बेस्ट ओरिजिनल स्क्रीनप्ले का अवॉर्ड एनॉटमी ऑफ ए फॉल को मिला। इसके अलावा द ब्वॉय एंड द हेरोन और वॉर इज ओवर जैसी फिल्मों को मिला। बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का खिताब डवाइन जॉय रेन्डोल्फ को मिला। ने अपने 11 साल के करियर में पहला ऑस्कर अवॉर्ड जीता है। फिल्म द हेल्डोवर्स के लिए डवाइन ने बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का खिताब अपने नाम किया। में अवॉर्ड पाकर डवाइन बहुत इमोशनल हो गईं। उन्होंने भावुक स्पीच में बताया कि उन्होंने आखिर क्यों एक्टिंग चुनी और उन्हें यह रास्ता किसने दिखाया। जानिए उन्होंने क्या कहा। पहली बार डवाइन के खाते में ऑस्कर आया है। अपनी फिल्म द हेल्डोवर्स के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का ऑस्कर अवॉर्ड पाकर वह गदगद हो गईं। अभिनेत्री के आंखों से आंसू छलक पड़े और उन्होंने बताया कि वह कभी भी एक्ट्रेस नहीं बनना चाहती थीं। वह दी। उन्होंने कहा कि उन्होंने एक्टिंग करियर मां की वजह से शुरू किया था। 37 साल की सिंगर-एक्ट्रेस डवाइन ने कहा, मैंने नहीं सोचा था कि मुझे इसे एक करियर के रूप में करना चाहिए। मैंने एक गायक के रूप में शुरुआत की थी।ठ डवाइन ने आगे कहा, मेरी मां ने मुझसे कहा था, 'उस सड़क के उस पार उस थिएटर विभाग में जाओ, वहां तुम्हारे लिए कुछ है।' और मैं ऐसा करने के लिए अपनी मां को धन्यवाद देती हूं। इतने समय से मैं हमेशा दूसरों की तरह बनना चाहती थी और अब मुझे एहसास हुआ कि मैं जैसी हूं वैसे रहने की जरूरत है।ठ डवाइन को द गुड वाइफ, सी डैड रन, लाइफ इन पीसेस, एम्पायर, द लास्ट ओजी, बर्डगर्ल जैसे टीवी शोज के लिए जाना जाता है। वह मदर ऑफ जॉर्ज, ऑफिस क्रिस्टमस पार्टी, द गिल्टी, द लॉस्ट सिटी और रस्टिन जैसी फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं।

# जी सिने अवॉर्ड्स 2024 में शाह रुख खान का जलवा, मिला बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** हर साल की तरह इस साल भी जी सिने अवॉर्ड्स का आयोजन हुआ। रविवार को मुंबई में आयोजित हुए जी सिने अवॉर्ड्स 2024 में सितारों ने रेड कारपेट पर शामिल हुई । हर साल की तरह इस साल भी सितारों को उनके बेहतरीन काम के लिए अवॉर्ड देकर नवाजा गया। जी सिने की ओर से बेहतरीन फिल्मों, स्टार्स और तकनीशियनों को सम्मानित किया



अपना जलवा बिखेरा। इस लिस्ट में शाह रुख खान से लेकर सनी देओल, बॉबी देओल, कृति सेनन, सोनू निगम समेत कई जानी-मानी हस्तियां शामिल हुईं। रविवार को मुंबई में आयोजित हुए जी सिने अवॉर्ड्स 2024 में सितारों ने रेड कारपेट पर अपना जलवा बिखेरा । इस लिस्ट में शाह रुख खान ( ऍर्प्पि ल्व्प् र्खेह ) से लेकर सनी देओल बॉबी देओल कृति सेनन सोनू निगम समेत कई जानी-मानी हस्तियां गया। आइए डालते हैं विनर लिस्ट पर एक नजर। शाह रुख खान 22वें जी सिने अवॉर्ड्स नाइट में चार चांद लगाते नजर आए। जो इस दौरान ऑल ब्लैक लुक में दिखे। एक्टर की फिल्म जवान और पठान ने कई अवॉर्ड्स अपने नाम किए। बॉलीवुड के लॉर्ड यानि बॉबी देओल भी 22वें जी सिने अवॉर्ड्स नाइट में शामिल हुए। इस मौके पर एक्टर ने अपने ही गाने जमाल कुडू पर परफॉर्मेंस भी दी।

## साउथ इंडस्ट्री के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन जल्द फिल्म पुष्पा 2 में नजर आने वाले हैं

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** फिल्म को लेकर फैंस के बीच जबरदस्त बज बना हुआ है। हर कोई इसका बेसब्री से इंतजार कर रहा है। अपनी आने वाली फिल्म पुष्पा 2 को लेकर लगातार चर्चा में है । ये फिल्म अगस्त में रिलीज होने वाली हैं। ऐसे में रविवार को एक्टर इसकी शूटिंग के लिए विशाखापत्तनम पहुंचे। जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया । सोशल मीडिया पर उनकी फोटोज वायरल हो रही है । ये फिल्म इस साल अगस्त में रिलीज होने जा रही है। इस बीच एक्टर विशाखापत्तनम पहुंचे, जहां उनका ग्रैंड वेलकम किया गया। इसकी एक झलक एक्टर ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी पर शेयर की, जिसमें एक्टर के ऊपर फूलों की बारिश हो रही है। अल्लू अर्जुन अपनी आने वाली फिल्म पुष्पा 2 की शूटिंग विशाखापत्तनम में होने जा रही है।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि. 1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं आधुनिक समाचार पब्लिसिंग हाउस सी 41 यूपीएसआईडीसी नैनी प्रयागराज 211010 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादक/प्रकाशक
डा. पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।